CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक -05 राजनांदगांव, गुरूवार 21 नवंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# महाराष्ट्र-झारखंड में किसकी सरकार? एनडीए गठबंधन को होगा फायदा या चलेगी इंडी गठबंधन की गाड़ी

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एग्जिट पोल**

| | मैट्रिज | चाणक्य स्ट्रेटजी | पीपुल्स पल्स | पोल डायरी | पी-मार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 150-170 | 152-160 | 175-195 | 122-186 | 137-157 |
| कांग्रेस+ | 110-130 | 130-138 | 85-112 | 69-121 | 126-146 |
| अन्य+ | 08-10 | 06-08 | 07-12 | 12-29 | 02-08 |

**झारखंड विधानसभा चुनाव एग्जिट पोल**

| | मैट्रिज | चाणक्य स्ट्रेटजी | एक्सिस माय इंडिया | पीपुल्स पल्स | जेवीसी |
|---|---|---|---|---|---|
| एनडीए | 42-47 | 45-50 | 25 | 44-53 | 40-44 |
| आईएनडीआईए | 25-30 | 35-38 | 53 | 25-37 | 30-40 |
| अन्य | 01-04 | 03-05 | 03 | 05-09 | 00-01 |

○ एग्जिट पोल में महाराष्ट्र और झारखंड में राजग को बढ़त, पर असमंजस बरकरार महाराष्ट्र में भाजपा को 80-90 सीटें, कांग्रेस को 58-60, महाविकास अघाड़ी को बहुमत के आसार, फेल होते दिख रहे शिंदे-अजित

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों की तरह ही भाजपा को चुनौतीपूर्ण महाराष्ट्र और झारखंड में भी शुभ संकेत मिले हैं। दोनों राज्यों में बुधवार को मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सामने आए पूर्वानुमानों में ज्यादातर सर्वे एजेंसियों ने राजग को बहुमत का आंकड़ा दिखाया है। हालांकि, लोकसभा में राजग को 400 पार दिखाने वाले एक्सिस ने झारखंड में झामुमो नेतृत्व वाली संप्रग सरकार का संकेत दिया है। बाकी सभी सर्वे में राजग को बढ़त दिखाई गई है। वास्तविक तस्वीर 23 नवंबर को मतगणना के सामने आएगी।

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के चुनाव में इस बार कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) का महाविकास आघाड़ी गठबंधन अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आशान्वित था। विपक्ष के इस हौसले को खास तौर पर इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों ने पंख दिए, जिसमें कुल 48 में से 30 सीटें जीतकर महाविकास आघाड़ी विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन को लेकर पूरी तरह आशान्वित हो गया।

## झारखंड में भी एनडीए के लिए अच्छी खबर

सर्वे के नतीजों में एक्सिस माई इंडिया जरूर आइएनडीआइए को संबल देता दिख रहा है, जिसने आइएनडीआइए को 53 तो एनडीए 25 सीटों का अनुमान बताया है। इसके अलावा बाकी सभी सर्वे एजेंसियों ने एनडीए सरकार बनने का संकेत दिया है। मसलन, दैनिक भास्कर ने एनडीए को 37-40, मैट्रिज ने 42-47, पीपल्स पल्स ने 44-53 और टाइम्स नाउ ने 40-44 सीटों का अनुमान जताया है। पोल आफ पोल्स में एनडीए को 39 और आइएनडीआइए को 38 सीटें दिखाई हैं। यहां कुल सीटें 145 हैं और बहुमत के लिए 41 की आवश्यकता है। ऐसे में राजग खेमा संकेतों में सत्ता की दहलीज पर है। यदि वहां राजग सरकार बनती है तो माना जाएगा कि भाजपा ने जिस तरह से हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार और घुसपैठ को मुद्दा बनाया, उसे मतदाताओं का पूरा समर्थन मिला, जबकि जेल से छूटे हेमंत के लिए संवेदनाओं वाला दांव नहीं चल सका। इस एग्जिट पोल में एक नई बात दिखी। कई पुरानी सर्वे एजेंसियां गायब थी और कई नई व अनजान कंपनियां सामने थीं। संभव है कि पिछले कुछ अनुमानों के पूरी तरह खारिज होने का असर था। हरियाणा में अधिकतर एजेंसियों ने कांग्रेस को बहुमत दिया था लेकिन परिणाम उल्टा आया। लोकसभा में अधिकतर एजेंसियों ने अकेले भाजपा को 300 से उपर सीटें दी थीं। जबकि भाजपा को अपना बहुमत भी नहीं मिला था।

### एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार

मगर, मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल के सर्वे इशारा कर रहे हैं कि वहां की जनता ने राजग सरकार पर फिर से विश्वास जताया है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## झारखंड में 67.59 और महाराष्ट्र में 58.25 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण संपन्न



रांची/मुंबई। झारखंड विधानसभा की 38 और महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया तथा इस दौरान क्रमशः 67.59 और 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यहां बताया कि 38 विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम समाप्त हो गया और इस दौरान 67.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन क्षेत्रों के 31 मतदान केंद्रों पर शाम 4 बजे शाम ही मतदान समाप्त हुआ था जबकि शेष मतदान केंद्रों पर पांच बजे शाम मतदान समाप्त हुआ।

दूसरे चरण के चुनाव में कुल 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में आज बंद हो गई। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं जबकि एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार है। जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में बंद हुई उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, भाजपा के लोबिन हेंब्रम, भाजपा के अनंत कुमार ओझा, कांग्रेस के जेपी भाई पटेल और जेएलकेएम के जयराम महतो शामिल हैं। उधर, महाराष्ट्र की 288 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया, जो शाम छह बजे तक चला। इस दौरान 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य में गढचिरौली में सबसे अधिक 69.63 प्रतिशत और मुंबई सिटी में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 4136 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो गया। राज्य के पांच करोड़ से अधिक पुरुष, 4.68 करोड़ से अधिक महिला और 6101 ट्रांसजेंडर सहित 9.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में बंद कर दी। मतदान के लिए कुल 1,00,427 केंद्र बनाये गये थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## सीमा पर शांति के लिए परस्पर विश्वास बढ़ाएं भारत और चीन- राजनाथ



वियनतियाने। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को चीन के रक्षा मंत्री के साथ मुलाक़ात की और कहा कि दोनों देशों को करीब साढ़े चार वर्ष पहले सीमा पर हुई हिंसक झड़प से सबक लेते हुए तनाव कम करने के लिए परस्पर विश्वास बढ़ाने के उपायों पर जोर देना चाहिए।

श्री राजनाथ सिंह ने लाओस की राजधानी वियनतियाने में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 11 वीं बैठक से इतर चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। हाल ही में सैनिकों की वापसी के समझौते और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद यह दोनों रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े देशों भारत और चीन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कि दोनों देश पड़ोसी हैं और रहेंगे इसलिए हमें संघर्ष के बजाय सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

श्री सिंह ने 2020 की दुर्भाग्यपूर्ण सीमा झड़पों से सीखे गए सबक पर विचार करने, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के उपाय करने और भारत-चीन सीमा पर शांति बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने तनाव कम करने के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच अधिक विश्वास बनाने पर जोर दिया।दोनों पक्ष आपसी विश्वास और समझ बनाने के लिए एक रोडमैप की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमत हुए। इससे पहले दिन में, रक्षा मंत्री तीन दिवसीय यात्रा पर वियनतियाने पहुंचे। वह गुरुवार को आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे और क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर विचार रखेंगे। श्री सिंह ने मलेशिया और लाओस के रक्षा मंत्रियों से भी मुलाकात की और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

## गृहमंत्री शाह से साय सरकार को मिली सराहना : दिल्ली में सीएम ने मिलकर नक्सल ऑपरेशन और विकास कार्यों की दी जानकारी



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नॉर्थ ब्लॉक में मुलाक़ात की। जहां उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास पर केंद्रीय गृह मंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का विस्तृत ब्योरा भी प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे इन इलाकों में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। गृह मंत्री श्री शाह ने इन प्रयासों की सराहना की और केंद्र की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में नक्सल उन्मूलन की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई।

### मारे गए नक्सलियों का दिया आंकड़ा

सीएम ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी जा रही है। सुरक्षा के मोर्चे पर हमारी सरकार ने एंटी-नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले 11 महीने में लगभग 200 नक्सली मारे गए हैं, वहीं 742 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के नेतृत्व में मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प की दिशा में हमारी सरकार कदम बढ़ा रही है। केंद्र सरकार राज्य में सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार को नक्सलवाद के खिलाफ हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## मोदी सरकार ने रद किए 6 करोड़ राशन कार्ड, कहीं आपका नाम भी लिस्ट में तो नहीं!

नई दिल्ली। राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। आधार एवं ईकेवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रणाली के माध्यम से सत्यापन कराने के बाद लगभग पांच करोड़ 80 लाख से अधिक राशन कार्ड फर्जी पाए गए हैं, जिन्हें सरकार ने रद्द कर दिया है। इससे वितरण प्रणाली के हेर-फेर में काफी हद तक कमी आई है और लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है।

### 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मिल रहा मुफ्त राशन

देश में केंद्र सरकार अभी 80 करोड़ 60 लाख लोगों को 20.4 करोड़ राशन कार्ड के माध्यम से राशन मुफ्त दे रही है। इनमें 99.80 प्रतिशत राशन कार्ड को आधार से लिंक कर दिया गया है। देश भर के 5.33 लाख ई-पीओएस (इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ सेल) उपकरणों के जरिए उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है।



### सभी राशन कार्ड कंप्यूटरीकृत

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने सभी 20.4 करोड़ घरेलू राशन कार्डों की संपूर्ण वितरण प्रक्रिया को कंप्यूटरीकृत कर दिया है। देश की लगभग सभी उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न वितरण संचालित किया जाता है। ई-पीओएस उपकरण के माध्यम से वितरण प्रक्रिया के दौरान लाभार्थी के आधार का प्रमाणीकरण किया जाता है, जिससे सही लाभार्थियों तक राशन पहुंचाना संभव हो पाता है। आधार प्रमाणीकरण का उपयोग अभी कुल खाद्यान्न के लगभग 98 प्रतिशत वितरण के लिए ही किया जा रहा है जिससे अपात्र लाभार्थियों को हटा कर हेरा-फेरी की आशंका कम कर दी गई है। ईकेवाईसी के जरिए लाभार्थियों की पहचान उनके आधार और राशन कार्ड के ब्योरे के साथ सत्यापित होता है जिससे अपात्र लाभार्थी अपने आप बाहर हो जाते हैं। सभी पीडीएस लाभार्थियों में से 64 प्रतिशत का ईकेवाईसी किया गया है। शेष के ईकेवाईसी पूरा करने की प्रक्रिया जारी है। सुविधा के लिए सरकार ने देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर ईकेवाईसी की व्यवस्था की है।

राशन कार्डों के डिजिटलीकरण और आधार से जोड़े जाने से दोहराव की आशंका खत्म हो गई है। वन नेशन वन राशन कार्ड की पहल से राष्ट्रीय खाद्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महाराष्ट्र बिटकॉइन मामला: लिंक सामने आने पर ईडी ने की बड़ी कार्रवाई, गौरव मेहता के कई ठिकानों पर मारा छापा



रायपुर। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। महाराष्ट्र बिटकॉइन मामले से जुड़े होने के बाद ईडी ने गौरव मेहता के ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को गौरव मेहता के छत्तीसगढ़ ठिकानों पर छापेमारी की, जो कथित तौर पर चुनावी राज्य महाराष्ट्र में बिटकॉइन लेनदेन मामले से जुड़े हैं। यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग की चल रही जांच के तहत की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मेहता के ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। भाजपा ने एनसीपी नेता और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस नेता नाना पटोले पर मौजूदा चुनावों में अवैध रूप से बिटकॉइन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है, क्योंकि उसके नेताओं ने कथित तौर पर एक रिकॉर्डिंग चलाई है, जिसमें दावा किया गया है कि यह सुले की आवाज है। मेहता कथित तौर पर इन लेनदेन से जुड़े हैं। सांसद सुले ने आरोपों से इनकार किया है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी मेहता और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है, जिन पर आरोप है (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## सुशासन पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन आज से रायपुर में



सम्मेलन के समापन सत्र को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह करेंगे संबोधित

रायपुर (दावा)। 'सुशासन' के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाकर प्रधानमंत्री के सुशासन के दृष्टिकोण को लागू करने के उद्देश्य से प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी), कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से 21 से 22 नवम्बर तक होटल फेयरवे, अटल नगर, नवा रायपुर में 'सुशासन' पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के समापन सत्र को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, विष्णुदेव साय और केन्द्रीय राज्यमंत्री (कार्मिक) डॉ.जितेन्द्र सिंह संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव, अमिताभ जैन और डीएआरपीजी के सचिव वी.श्रीनिवास, उद्घाटन सत्र के साथ ही साथ समापन सत्र को भी संबोधित करेंगे। सत्र के दौरान, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2024 पर शॉर्टलिस्ट की गई पहलों पर एक ई-बुकलेट (एमजीएमजी) जारी की जाएगी।

सुशासन पर ध्यान केंद्रित करने वाला दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन, जिलों के समग्र विकास में संतृप्ति दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगा। रायपुर क्षेत्रीय सम्मेलन डीएआरपीजी द्वारा 2014-2024 की अवधि के दौरान आयोजित 26वां क्षेत्रीय सम्मेलन है। सम्मेलन के दौरान, सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रतिनिधि अपनी पहलों की संक्षिप्त तस्वीर और चुनिंदा सरकारी योजनाओं के तहत लाए गए परिवर्तनकारी बदलावों का संक्षिप्त विवरण प्रदान करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय लोक प्रशासन संगठनों को लोक प्रशासन में नवाचारों, जीवन की गुणवत्ता में सुधार, सुशासन, ई-गवर्नेंस, डिजिटल गवर्नेंस आदि के लिए भविष्य के सार्वजनिक समाधान में अनुभव साझा करने के लिए एक ही मंच पर लाना है। दो दिवसीय सम्मेलन में राज्यों के प्रतिनिधियों/डीएम/डीसी को व्यापक प्रसार और संभावित अनुकरण के लिए राज्यों की सुशासन प्रथाओं पर प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

रायपुर में होने वाले इस क्षेत्रीय सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के पहले दिन 21 नवम्बर को 'नवाचार-राज्य' विषय पर पहले सत्र की अध्यक्षता, आईआईपीए के महानिदेशक, एसएन त्रिपाठी करेंगे। छत्तीसगढ़ शासन की वन एवं खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव, श्रीमती ऋचा शर्मा 'जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व' विषय पर सत्र-2 की अध्यक्षता करेंगी। सत्र-3 में जिलों के समग्र विकास पर विचार-विमर्श होगा। सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन की ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव, श्रीमती निहारिका बारिक करेंगी। सम्मेलन के दूसरे दिन 22 नवम्बर को, सत्र-4 में जिलों के समग्र विकास में संतृप्ति दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श होगा। इस सत्र की अध्यक्षता, छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग सचिव, रजत कुमार करेंगे। इसी दिन सत्र-5 में जिलों के समग्र विकास पर विचार-विमर्श होगा। सत्र की अध्यक्षता, छत्तीसगढ़ शासन के आवास और पर्यावरण सचिव अंकित आनंद करेंगे।




CMYK

# आज से अगहन बृहस्पति व्रत प्रारंभ, धन-वैभव की देवी मां लक्ष्मी की होगी पूजा

**बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी, मौसमी फलों की बढ़ी मांग, चार गुरुवारों का बन रहा महत्वपूर्ण योग, अंतिम गुरुवार को होगी गीता जयंती**



राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक मास् में दीपावली पर्व के दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा करने के बाद अगहन मास के लगते ही इसके प्रथम गुरुवार को अगहन बृहस्पति का व्रत धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के अगहन मास में चार गुरुवारों का योग बन रहा है। इसके अंतिम गुरुवार 11 दिसंबर को गीता जयंती मनाई जाएगी जो अति शुभ और मंगलकारी है।

बता दें कि भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन को अपना विराट रूप दिखाते हुए छंदों में गायत्री छंद, वृक्षों में पारिजात, हाथियों में एरावत, नागों में शेषनाग, सर्पों में वासुकी आदि सहित माहों में उन्होंने अपने आप को अगहन माह कहा है। इससे इस पूजनीय माह की विशेषता और भी बढ़ गई है।

बता दें कि अगहन माह के दौरान पड़ने वाले प्रथम बृहस्पति वार से लेकर अंतिम बृहस्पति वार तक मां लक्ष्मी का व्रत-उपवास व पूजा किए जाने का विधान है। आज अगहन बृहस्पति वार के प्रथम दिन महिलाओं द्वारा व्रत रखकर धन-संपत्ति व वैभव की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की जाएगी। कहा जाता है कि अगहन मास में बृहस्पति वार के दिन मां लक्ष्मी का व्रत, उपवास पूजा करने से सुख-सौभाग्य व धन-संपदा की वृद्धि होती है। अगहन बृहस्पति का व्रत खास कर महिलाएं द्वारा रखकर मां लक्ष्मी की सुबह शाम दोपहर आदि तीन प्रहर पूजा-अर्चना की जाती है और घर परिवार की सुख-समृद्धि सहित धन-संपदा व खुशहाली की दुआएं मांगी जाती है। जानकारों की मां तो अगहन बृहस्पति व्रत-पूजा के दौरान मां लक्ष्मी को चांवल, दूध आदि सफेद चीजों से बने व्यंजन चढ़ाएं जाते हैं। मौसमी फल विशेष रूप से चढ़ाया जाता है। इससे मां लक्ष्मी घर-परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली सहित धन-संपदा की वृद्धि करती है।

### पूजा सामग्रियों की सजी दुकानें

आज गुरूवार से प्रति गुरुवार चार सप्ताह तक मनाए जाने वाले अगहन बृहस्पति व्रत की पूजा के लिए शहर के बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। जयस्तंभ चौक से लेकर मुख्य मार्केट गोलबाजार, गंज चौक स्थित हाट बाजार लेकर शहर के अन्य भागों में मां लक्ष्मी की पूजा के लिए पूजा सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। जयस्तंभ चौक में तो पूजा सामग्रियों की कतार से दुकानें ही सजी हुई है। चौक समीप दुकान सजाए एक महिला व्यवसायी ने बताया कि उनके दुकान में मां लक्ष्मी पूजन के लिए चुनरी, फूंदरी, चूड़ी व सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं सहित मौली धागा, चंदन-बंदन, हार-फूल व मौसमी फल बेर, अमरुद, आंवला, आंवला पत्ती, धान का झूल मां लक्ष्मी का फोटो व अन्य पूजा सामग्री कम दाम में उपलब्ध है। जिसकी खासकर महिलाओं द्वारा खरीदी की जा रही है। इस दिन सफेद चीजों से बने व्यंजन व मिठाईयों की मांग भी बनी रहेगी। बहरहाल आज महिलाओं को अगहन बृहस्पति मास के प्रथम व्रत-उपवास की तैयारी व पूजा-पाठ में जुटी हुई देखा जा सकेगा।

### महिनों में मार्गशीर्ष

जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है कि भगवान श्री कृष्ण ने महिनों में अपने आप को मार्गशीर्ष कहा है। यानिकि भगवान ने अपने आप को अगहन मास की संज्ञा दी है। यह पुनीत मास किसानों का भंडार भरने वाला होता है। कृषि प्रधान देश में भगवान श्री कृष्ण ने अगहन मास को अपने आप वाला मास कहकर भारत देश में इस माह की समृद्धता को प्रतिष्ठा दी है, व्याख्यायित किया है और यदि यह दिन बृहस्पति वार हो जाए तो और क्या कहना। वैसे बता दें कि बृहस्पति वार को धन की देवी मां लक्ष्मी का वार माना जाता है।

## इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड में आज उद्यान का लोकार्पण समारोह



राजनांदगांव (दावा)। शहर के झूलेलाल वार्ड नंबर 41 स्थित हास्पिटल कालोनी गौरव पथ मार्ग पर राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 25 लाख रुपये लागत से भव्य उद्यान निर्माण कार्य किया गया है।

क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 25 लाख रुपये खर्च कर बनाये गये उद्यान का लोकार्पण कार्यक्रम समारोह शहर के प्रथम नागरिक एवं वार्ड नंबर 5 के पार्षद श्रीमती हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य, हरिनारायण (पप्पू) धकेता सभापति नगर पालिक निगम के अध्यक्षता में किसुन यदू नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम, मधुकर बंजारी प्रभारी सदस्य लोककर्म विभाग नगर पालिक निगम, राजेश गुप्ता चंपू पार्षद वार्ड नंबर 41 इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड के गरिमामय उपस्थिति व करकमलों से आज दिनांक 21 नवंबर दिन गुरुवार समय 12 बजे सम्पन्न किया जायेगा। क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने उद्यान लोकार्पण कार्यक्रम समारोह के अवसर पर वार्डवासियों से बड़ी संख्या में उपास्थित होने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### कैलाश नगर में चाकूबाजी

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हुई मारपीट एवं चाकूबाजी की घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि कैलाश नगर में 13 नवंबर की रात घटी उक्त चाकूबाजी घटना के आरोपी का नाम राहुल भट्ट पिता स्व. संतोष भट्ट उम्र 20 वर्ष निवासी कंचनबाग है। जिसके संबंध में प्रार्थी कृष्णा रजक पिता जोहन रजक उम्र वर्ष निवासी कैलाश नगर ने 13 नवंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि 7 से साढ़े 7 बजे के मध्य घटना स्थल कैलाश नगर में दुर्गेश टेलर के पास पीटर, सन्नी, राहुल निवासी कंचनबाग द्वारा पुरानी रंजिश पर से मां बहन की गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं धारदार चाकू से मारपीट कर चोट पहुंचाया है। थाना प्रभारी श्री बरेठ ने बताया कि प्रकरण में 02 आरोपी पीटर एवं सन्नी घटना के बाद से फरार है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा। उक्त रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 663/24 धारा 296, 118 (1), 351 (2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।


### प्रिंट मीडिया व वेबपोर्टल वेलफेयर का 24 को दीपावली मिलन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रिंट मीडिया एंड वेबपोर्टल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आगामी 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एसोशिएशन के अध्यक्ष शेखर यादव ने बताया कि रविवार 24 नवंबर को पुष्प वाटिका स्थित योगा हाल में दोपहर 1 बजे से आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया सहित वेबपोर्टल वर्कर्स उपस्थित रहेंगे। एसोशिएशन के अध्यक्ष यादव सहित राकेश तिवारी, तरुण सोनी, प्रकाश ठाकुर, विवेकानंद आदि ने दीपावली मिलन कार्यक्रम में प्रिंट एवं सोशल मीडिया जगत के लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पेण्ड्री राजनांदगांव में पंजीकृत सेक्टर-ऑटोमोर्बाल के टैक्सी ड्राईवर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक हितग्राही 30 नवम्बर 2024 तक शासकीय आईटीआई राजनांदगांव में पंजीयन करा सकते हैं। इस योजना में टैक्सी ड्राईविंग एवं मरम्मत संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना है। अधिक जानकारी के लिए संस्था के संस्था में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

### अरुण झा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। सहदेव नगर निवासी अरुण झा पिता सहदेव झा का निधन 18 नवंबर रात्रि 3 बजे हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। वह एक सफल किसान थे और महाराज के नाम से प्रसिद्ध थे। स्व. अरुण झा भाजपा नेता अशोक चौधरी के मामा थे और पूर्व महापौर नरेश डाकलिया के परममित्र थे। आज 19 नवंबर को दोपहर 12 बजे ग्राम पंड्री के उनके कृषि भूमि पर उनका अंत्येष्टि किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने में इंदिरा का बहूमूल्य योगदान-कांग्रेस



**शहर कांग्रेस ने प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी की जयंती पर संगोष्ठी सभा आयोजित की**

राजनांदगांव (दावा)। भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाली, राष्ट्रहित में अपने कठोर निर्णयों के लिए पहचाने जाने वाली प्रियदर्शनी पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी के 107वीं जयंती पर मंगलवार 19 नवंबर को उनके व्यक्तित्व व जीवनी पर संगोष्ठी सभा आयोजित कर प्रकाश डाला। शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आयरन लेडी के नाम से पहचानी जाने वाली स्व.इंदिरा गांधी देश की अखंडता, एकता और देशभक्ति की आदर्श मिसाल है। राष्ट्र को समर्पित उनकी राजनीतिक दृढ़ता को हम भारतवासी हर पल याद करते है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की।

वरिष्ठ कांग्रेसी किशन खंडेलवाल ने कहा कि इंदिरा जी बचपन से ही देशभक्ति व राजनीति के गुण थे, देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया। इंदिरा जी ने देश की प्रगति व देश की एकता के लिए अनेक कार्य किए। स्वतंत्र भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री का गौरव इंदिरा गांधी को जाता है। श्रीमती गांधी ने ही सर्वप्रथम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की जयंती पर सादर नमन करता हूं उनके अदम्य साहस, दूरदर्शी नेतृत्व और देशहित में लिए गए साहसिक निर्णय हमेशा प्रेरता का स्त्रोत है। राष्ट्र निर्माण और भारत को वैश्विक पहचान दिलाने में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। भारत की एकता व अखंडता को संजोए रखने के लिए उन्होंने अपना जीवन का बलिदान कर दिया। प्रियदर्शनी गांधी जी के सपनों का भारत, उनका संकल्प था उन्हें यादकर यह प्रेरणा ले उनकी बताएं मार्गों पर चलकर साकार करें एवं राष्ट्र विरोधी जो ताकतें उन्हें मुंहतोड़ जवाब भी देना है। संगोष्ठी सभा को अशोक फडनवीस, रौशनी सिन्हा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता, पार्षद मधुकर वंजारी, पूर्णिमा नागदेवे, सुरेन्द्र देवांगन, संजय साहू ने संबोधित किया।

सभा में प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, कुतबुद्दीन सोलंकी, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू खान, महामंत्री झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, मोहिनी सिन्हा, प्रतिमा बंजारे, खैरूनिशा, रीना पटेल, संगीता साहू, ललिता साहू, पार्षद संतोष पिल्ले, गणेश पवार, चंद्रकला देवांगन, महेश साहू, मनीष साहू, खिलेश बंजारे, मामराज अग्रवाल, विष्णु सिन्हा, अवधेश प्रजापति, शैलेश ठावरे, हिम्मत पवार, शौर्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की मम्तेश्वरी लहरे, जान्हवी यादव का जूनियर साईएन सीओई सेलेक्शन ट्रायल हेतु चयन



**बालक वर्ग में मोहित नायक और संदीप कुमार का चयन हुआ**

राजनांदगांव (दावा)। 20 नवम्बर छत्तीसगढ़ की उदीयमान हॉकी खिलाड़ी कु. मम्तेश्वरी लहरे, जन्हावी यादव व बालक वर्ग में मोहित नायक और संदीप कुमार का चयन जूनियर बालक/बालिका का चयन साईएनसीओई के सलेक्शन ट्रायल के लिए किया गया है। यह सलेक्शन ट्रायल बालक वर्ग का 03 से 11 दिसंबर तक बैंगलोर में और बालिका वर्ग का 16 से 24 दिसंबर तक बैंगलुरू में आयोजित है। बालक वर्ग में 39 और बालिका वर्ग में 40 खिलाड़ियों का चयन उक्त ट्रायल हेतु किया गया है।

छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि कु.मम्तेश्वरी लहरे जन्हावी यादव का साई एनसीओई सलेक्शन ट्रायल के लिए चयन विगत दिनों आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप दिनांक 30 अक्टूबर से 10 नवम्बर स्थान रॉंची (झारखण्ड) में उनके उत्कृष्ठ खेल के प्रदर्शन के आधार पर तथा मोहित नायक और संदीप कुमार का चयन विगत दिनों आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालक हॉकी चैम्पियनशिप दिनांक 09 से 19 सितम्बर स्थान जालंधर (पंजाब) में उनके उत्कृष्ठ खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि कु. मम्तेश्वरी लहरे स्पोटर्स अकादमी रायपुर में व जन्हावी यादव और संदीप कुमार खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर में प्रशिक्षणरत है तथा मोहित नायक वर्तमान में नवल टाटा हॉकी एकेडमी जमशेदपुर में प्रशिक्षणरत है। सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अभिषेक सिंह, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु पूर्व राजगामी अध्यक्ष रमेश पटेल छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, नीलम चंद जैन, अनिल यादव, ज्ञानचंद जैन, सुश्री ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकिल अहमद ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### आज शासकीय आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 21 नवम्बर 2024 सुबह 9 बजे से मेसर्स स्ट्राइकरूट मेटाल बिल्डिंग सिस्टम (यूनिट-2) खसरा नंबर 1537 इंडस्ट्रियल ग्रोथ बोराई जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। सभी शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के व्यवसाय फिटर (सीएनसी लेट ऑपरेटर को प्राथमिकता) ग्राइंडर, वेल्डर तथा विद्युतकार के वर्ष 2018 से 2024 तक उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ) के साथ शामिल हो सकते हैं।

## स्वामी विवेकानंद विचार दर्शन को युवा आत्मसात करें-द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। रासेयो इकाई, शास. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के सात दिवसीय विशेष शिविर कुतुलबोड़ (भाठागांव) में आयोजित किया गया।

शिविर के नियमित बौद्धिक चर्चा विमर्श के अंतर्गत 'स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन एवं युवा' विषय पर विशेष विचार व्याख्यान हेतु नगर के विचार प्रज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को आमंत्रित किया गया। डॉ. द्विवेदी ने शिविरार्थी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय सनातनी परंपरा के महासंत स्वामी रामकृष्ण परमहंस के अद्वितीय शिष्य स्वामी विवेकानंद जी के समग्र जीवन युवाओं के लिए आदर्श प्रेरणा का आधार है। आगे विशेष रूप से डॉ. द्विवेदी ने कहा कि स्वामी जी का युवा विचार दर्शन देश-धरती के समग्र उत्थान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को अभिप्रेरणा के साथ उल्लेखित करता है। स्वामी विवेकानंद का मात्र उन्तालीस वर्षीय लघु जीवनक्रम सर्व जन-जन और विशेष रूप से युवा-किशोर-प्रबुद्ध पीढ़ी के लिए अत्यंत श्रेयष्कर और सर्व हितकारी है। स्वामी जी का युवाओं के लिए परम मूल संदेश-उठो, साहसी बनो, शक्तिवान बनो तथा महती उत्तरदायित्वों को अपने कंधों पर उठा लो, तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो अपनी अंतशक्ति को जागृत कर सनातन ज्ञान परंपरा से जुड़कर अपना और मातृशक्ति का श्रेष्ठ सुंदर भविष्य गढों।

यही तुम्हारा जीवन लक्ष्य होना चाहिए डॉ. द्विवेदी ने स्वामी विवेकानंद के अति शक्तिदायी विचार एवं अभिप्रेरक वाणी संदेशों को रासेयो स्वयं सेवकों एवं सेवाधारी नागरिकों के लिए मन-प्राण से स्वीकार कर उन पर चलने का विशेष आह्वान किया। उन्होंने स्वयं सेवकों को युवा महानायक स्वामी विवेकानंद के जीवनदर्शन के विशेष उद्धहरण से प्रेरणा लेकर अपनी नित्य जीवनचर्या में आवश्यक रूप से स्वाध्याय, आध्यात्म दर्शन एवं समाज सेवाकार्य करने हेतु अवश्य पहल करना चाहिए। मातृभूमि की रक्षा, उत्थान और उसकी सतत सेवा ही प्रत्येक युवा-किशोर का जीवन संकल्प होना चाहिए तभी श्रेष्ठ अर्थो में हम आदर्श नागरिक की भूमिका अदा कर सकेंगे और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक के रूप में अपनी भूमिका को अभिप्रमाणित करें सकेंगे। प्रत्यक्ष संदर्भ हेतु डॉ. द्विवेदी ने भारतीय वेदांत और अध्यात्म ज्ञान दर्शन की अद्वितीय ग्रंथ श्रीमद भगवत गीता के संपूर्ण श्लोक एवं अर्थो से युक्त गीता डायरी को प्रमुख स्वयं सेवकों दीपक कुमार, भुनेश्वरी साहू, शिवम यादव, टिकेश्वरी देवांगन साथ-साथ रासेयो प्रभारी प्राध्यापक संजय सप्तऋषि, प्राध्यापक प्रणव रावटे को भेंट कर संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण से हुआ तथा डॉ. द्विवेदी का शिविर संयोजक प्राध्यापक सप्तऋषि द्वारा रासेयो बैच लगाकर तथा हस्तनिर्मित गुलदस्ता द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया। अंत में शिविर दल नायक द्वय दीपक कुमार और भुनेश्वरी साहू ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रासेयो जागरण गीत और प्रेरक नारों का भी उदघोष किया गया।


### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-9
557-7 770-4
राजधानी
2-4-0
133-7 126-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**
ता. 22 से तीजा के लुगरा-2, रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
**कंगूवा**
कलाकार - सूर्या, बॉबी देओल, दिशा पटानी, जगपती बाबु, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, नटराजन सुब्रमण्यम, कोवई सरला, आनंदराज, केएस रविकुमार आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
18th Nov To 21st Nov 2024




Kanguva -12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
The Sabarmati Report - 03:15 and 09:15 pm
Gladiator 2 -06:30pm
Singham Again - 12:15 and 06:15
Bhool Bhulaiyaa 3 - 12:30, 03:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

क्रं./5078/प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव, दिनांक 11/11/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सी डी ओ सिक्यूरिटीस एण्ड पब्लिक हेल्पलाइन सर्विस पो. अंजनी कुमार द्विवेदी पिता श्यामलाल द्विवेदी, निवासी जवाहर नगर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम इंदावानी, पटवारी हल्का नंबर 60, खसरा नंबर 235/2 व 235/3 रकबा क्रमशः 0.4050, 0.2820 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ खसरा बी-1/ नक्शा/ ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत **तिथि 25/11/2024** तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज **दिनांक 11/11/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी राजस्व तृतीय श्रेणी कर्म. गृह निर्माण सह. समिति मर्या. राजनांदगांव प.क्र.-59 जिला-राजनांदगांव**

**सूचना**

राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. राजनांदगांव पं.क्र.-59 के रिटर्निंग अधिकारी श्री एस.एन. चकलादार के द्वारा समिति का निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक **20.11.2024** को जारी किया गया है। जिसके अनुसार समिति में कुल 09 (नौ) सदस्यों का निर्वाचन किया जावेगा। जिसमें 06 (छः) सदस्य अनारक्षित वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित), 02 (दो) सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित) एवं 01 (एक) सदस्य अनुसूचित जाति वर्ग से होगा। नामांकन पत्र जमा करने का दिनांक **28.11.2024** को समय **12 से 3 बजे** तक है। नामांकन पत्रों की जांच दिनांक **29.11.2024** को **12 बजे** से किया जावेगा, नामांकन पत्र की वापसी, अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन दिनांक **30.11.2024** को समय **12 से 02 बजे** तक एवं दिनांक **08.12.2024** को समय 12 से 03 बजे तक विशेष साधारण सम्मिलन मे चुनाव (मतदान), तथा मतदान समाप्ति के एक घंटे पश्चात (यदि आवश्यक हुआ तो) मतगणना प्रारंभ की जायेगी। दिनांक **09.12.2024** को समय **12 से 02** बजे तक रिक्त स्थानो का सहयोजन (यदि आवश्यक हुआ तो) किया जावेगा।

दिनांक **13.12.2024** को समय 12 बजे से अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का चुनाव किया जावेगा। उक्त सभी कार्य ''समिति कार्यालय'' राजस्व तृतीय श्रेणी कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. राजनांदगांव में संपादित किया जावेगा।

**(एस.एन. चकलादार)**
**रिटर्निंग अधिकारी**
**राजस्व तृतीय श्रेणी कर्म. गृह निर्माण सह. समिति मर्या. राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक 59**

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव-2**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ:- जिला-राजनांदगांव तहसील राजनांदगांव प.ह.नं.-00064 सोमनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425420512100004**

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00064 के अंतर्गत ग्राम सोमनी के वर्तमान भूमिस्वामी प्रकाश पिता/राधेश्याम पता - सा. देह, वंदना पिता/-पति-राधेश्याम पता-एकलव्य पिता/पति-राधेश्याम पता- ग्राम सोमनी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 167/1 (0.0690), 426/1(0.1530), 426/16 (0.2180) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता एकलव्य तिवारी पिता-राधेश्याम तिवारी पता-ग्राम सोमनी, प्रकाश तिवारी पिता-राधेश्याम तिवारी पता-ग्राम सोमनी, वंदना दुबे पिता-राधेश्याम तिवारी ग्राम सोमनी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/11/2024 को समय 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव-2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांतत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आाम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव**

**कार्यालय जिला पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**रूचि की अभिव्यक्ति**

क्रमांक/6616/ जि.पं./दुकान आबंटन/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक - 20/11/2024

जिला राजनांदगांव अंतर्गत पुराना जिला पंचायत भवन (रेल्वे स्टेशन रोड) में निर्मित व्यवसायिक परिसर में उपलब्ध 02 रिक्त दुकानों का आबंटन आजीविका गतिविधि हेतु जिला राजनांदगांव अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के स्व-सहायता समूहों को किया जाना है।

**आवेदन की प्रारंभिक तिथि - दिनांक 21/11/2024, समय सुबह 11.00 बजे।**
**आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 05/12/2024, समय सायं 05.30 बजे तक।**

रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव के सूचना पटल पर एवं कक्ष क्रमांक एफ-10 से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत, राजनांदगांव (छ.ग.)**

Skill India

**कार्यालय-प्राचार्य/नोडल अधिकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

Industrial Training Institute

web site:-http://itirjnd.ac.in/
07744-296406 e-mail:- itirjnd@rediffmail.com
क्रमांक-औप्रसं/राज/स्था./मे.प्र./2024 / 1922 राजनांदगांव, दिनांक 18/11/2024

**// विज्ञप्ति//**

इस नोडल के संस्था के अंतर्गत आने वाले विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्र 2024-25 के लिए व्यवसाय-फिटर, विद्युतकार, सोलर टेक्निशियन (इलेक्ट्रिकल), वेल्डर तथा मैकेनिक डीजल के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु स्वीकृत पद के रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिये आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 09/12/2024 (अपरान्ह 5 बजे) तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में निर्धारित प्रारूप में केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से ही आवेदन जमा कर सकते हैं। विज्ञापन का विवरण संस्था के सूचना पटल पर देखा जा सकता तथा आवेदन पत्र का प्रारूप, कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पेंड्री राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) से प्राप्त किया जा सकता है या संस्था के वेब साईट https://rajnandgaon.nic.in/ डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्राचार्य/नोडल अधिकारी**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी-242503919/2

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, कोहका और तेन्दूनाला का किया औचक निरीक्षण , रकबा समर्पण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें

## धान उपार्जन केन्द्र में कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री होने पर होगी कड़ी कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर जिले में धान खरीदी का कार्य तेजी से चल रहा है। धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय करने वाले किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और इस कार्य की सतत निगरानी के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। इन नोडल अधिकारियों द्वारा धान उपार्जन केन्द्र का सतत् भ्रमण कर केन्द्र में उपलब्ध धान और बारदानों का सत्यापन भी किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिले के डोंगरगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, कोहका और तेन्दूनाला का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने समिति प्रबंधकों से धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, शौचालय, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ आर्द्रतामापी यंत्र के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ पहुंचकर धान विक्रय के लिए उपस्थित किसानों से चर्चा कर प्रशासन द्वारा द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि इस वर्ष कई स्थानों पर माहो कीट इत्यादि लगने के कारण उत्पादन में कुछ कमी आई है, कलेक्टर ने कहा कि किसान इन उपार्जन केन्द्रों में अपने वास्तविक उपज का विक्रय सुनिश्चित करें। उन्होंने समिति प्रबंधक को कहा कि धान उपार्जन केन्द्र में किसी भी कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री नहीं होनी चाहिए। ऐसा होने पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में महिलाओं कृषकों के लिए अस्थाई शौचालय बनाने के



### नोडल अधिकारी प्रतिदिन धान उपार्जन केन्द्रों में करें भौतिक सत्यापन

निर्देश दिए। ग्राम बाकल के कृषक टोकेश्वर साहू एवं श्री कौशल ने बताया कि समय पर उनका धान तौलाई कर लिया गया है। इस दौरान समिति प्रबंधक ने बताया कि अब तक इस केन्द्र में 5 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है और आज 39 किसानों का टोकन वितरित किया गया है, जो आज धान विक्रय करेंगे। धान उपार्जन केन्द्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी श्री वीके गणवीर को प्रतिदिन भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल आज डोंगरगांव के धान उपार्जन केन्द्र कोहका एवं तेन्दूनाला के औचक निरीक्षण के दौरान उपार्जित धान की गुणवत्ता, तौलाई के कार्य एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में किसानों से बातचीत की। किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि विगत दिनों विक्रय किए गए धान की राशि अंतरित हो गई है। कलेक्टर ने कहा कि किसान अपनी ऋण पुस्तिका किसी अन्य का न दें। उन्होंने रकबा समर्पण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। बताया गया कि धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में 7 किसानों का रकबा समर्पण हुआ है। वहीं धान उपार्जन केन्द्र तेन्दूनाला में 10 किसानों का रकबा समर्पण कराया गया है। धान उपार्जन केन्द्र तेन्दूनाला में 844 किसानों ने धान विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। करीब 77 किसानों ने 3 हजार 710 क्विंटल धान की बिक्री कर ली है। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी की जा रही है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी किया जा रहा है। जिले में 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। खरीदी केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा पर्याप्त मात्रा में बारदाना प्रदाय किया गया है। किसानों को भुगतान शाखाओं, एटीएम, माईक्रो एटीएम एवं मोबाईल बैंकिग के माध्यम से की जा रही है। जिले में कुल 1 लाख 32 हजार 468 किसानों का पंजीयन हुआ है।

# विद्यार्थियों में निहित प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने एवं कमियों को दूर करने का करें प्रयास - कलेक्टर



**डु० जिम्मेदारी के साथ जिले में शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने के दिए निर्देश**
**० कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के बीईओ, बीआरसी, प्राचार्यों की ली बैठक**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, समस्त प्राचार्य हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की बैठक डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। बैठक में विभाग से संबंधित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अपार आईडी, यू-डाईस सुधार, बोर्ड परीक्षाओं जैसी विभिन्न कार्य की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हो, यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर जोर देते हुए कहा कि छात्रों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उनकी प्रतिभा को निखारने एवं कमियों को दूर करने का प्रयास करने कहा। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के अभिभावक की भूमिका निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों में संकोच समाप्त करने के लिए प्रश्न पूछने की क्षमता का विकास करना होगा। साथ ही अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने कहा और स्कूलों में न्यौता भोज को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। सभी शिक्षकों को अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ करने के लिए निर्देशित किया।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल द्वारा सभी शिक्षकों को निर्धारित समयावधि का कड़ाई से पालन हेतु निर्देशित किया गया। बोर्ड परीक्षा परिणामों को बेहतर करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर उसको क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। साथ ही माह दिसम्बर तक कोर्स पूर्ण करने हेतु कहा गया है। जिन छात्रों की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने की संभावना है ऐसे छात्रों का चिन्हांकन करते हुए उनके पालकों से संपर्क कर राजनांदगांव में आवासीय प्रशिक्षण हेतु अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिये। आवासीय प्रशिक्षण में छात्रों को बोर्ड परीक्षा के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। बैठक में बताया गया कि कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत सभी पात्र छात्रों का जाति-निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने हेतु प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर 2-2 केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

कार्य में अपेक्षानुसार तेजी लाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित परख परीक्षा 4 दिसम्बर निर्धारित है जिसमें उच्च कार्यालय द्वारा चिन्हांकित शालाओं में परीक्षा आयोजित किया जाएगा। जिसके लिये मॉक टेस्ट भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी स्कूलों को निर्देशों का पालन कर परीक्षा आयोजित करने कहा गया। छात्रों को परीक्षा की तैयारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने निर्देशित किया गया है। उच्च कार्यालय द्वारा स्कूलों से मांगी गई जानकारी को समय-सीमा में भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

# करदाताओं की सुविधा के लिये निगम में यू.पी.आई की सुविधा



**राजस्व करों का भुगतान में सरलीकरण, अब निगम के क्यू.आर. कोड से भी करो का भुगतान**

राजनांदगांव (दावा)। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शत प्रतिशत राजस्व वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिये नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ राजस्व करों का ऑनलाईन संधारण तथा यू.पी.आई. से करो की वसूली हेतु निगम का क्यू.आर कोड जारी किया गया है, जिसके माध्यम से वसूली कर्ता करदाताओं से मोबाईल से निगम के क्यू.आर कोड से करों का भुगतान करने प्रेरित करेंगे।

नगर निगम द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली के लिये डिमाण्ड दुरूस्तीकरण किया जा रहा है। जिसके तहत कर दाताओं के घर व प्रतिष्ठान के पास जाकर मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया गया और पूर्व के डिमाण्ड से मिलान की गयी, डिमाण्ड मिलान करने पर भिन्नता पाये जाने पर वर्तमान सत्यापन के आधार पर डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है। साथ ही जिन घरों का डिमाण्ड में दर्ज नहीं है उनका भी सत्यापन उपरांत विवरणी भर दर्ज कराया जा रहा है। मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है, जिसकी समय समय पर उपायुक्त मोबिन अली तथा राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन द्वारा समीक्षा कर डिमाण्ड दुरूस्त कराया जा रहा है।

इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के विरूद्ध वसूली हेतु एवं करदाताओं की सुविधा के लिये ऑन लाईन वसूली किये जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिये पूर्व में बैक के अधिकारियों ने राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला को प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा कर्मचारियों को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर की मांग का ऑनलाईन संधारण करने संबंधी जानकारी दी गयी, साथ ही करदाताओं की सुविधा हेतु यू.पी.आई. वालेट, चेक, कार्ड, नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से करों का भुगतान की सुविधा कैसे उपलब्ध कराना है जानकारी दी गयी। जिसके आधार पर निगम का राजस्व अमला करदाताओं को ऑन लाईन सुविधा के बारे में जानकारी दे रहे है, आयुक्त श्री विश्वकर्मा की पहल पर करदाताओं की सुविधा के लिये मोबाईल से यू.पी.आई. कर राजस्व करों का भुगतान करने निगम का क्यू.आर कोड जारी किया जा रहा है, जिससे करदाता अपने करो का भुगतान यू.पी.आई. से कर सकते है।

सहायक राजस्व निरीक्षक अपने अपने प्रभारित वार्ड में अपने मोबाईल में निगम का क्यू.आर कोड रख आनलाईन करो का भुगतान करने करदाताओं को समझाईस देंगे। करदाता अपने सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर तथा दुकान किराया के अलावा अन्य शुल्क का भुगतान यू.पी.आई. के माध्यम से कर सकते है। ऑनलाईन सुविधा का लाभ मिलने से करदाता करों का भुगतान करने में रूचि लेंगे, क्योंकि आज के युग में ऑन लाईन के माध्यम से ही खरीदी बिक्री की जा रही है, इस आधार पर कर अदायगी में भी करदाता इसका लाभ उठायेंगे, जिससे निगम के राजस्व में वृद्धि होगी।

# ओस्तवाल ने एसएलआरएम सेंटर में घोटाले पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की

राजनांदगांव (दावा)। शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से यह कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस देश के सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान के तहत् पूरे देश में यह योजना लाई गई और जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आम जनता के मेहनत और पसीने की कमाई की राशि का टैक्स के रूप में कचरा एकत्रित करने के एवज में जो राशि देती है,

उसका जिस तरह से खुलेआम जो भ्रष्टाचार नगर निगम में किया जा रहा है। इस पूरे मामले की जाँच करवाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिले के कलेक्टर से अनुरोध है कि



तत्काल निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को इस पूरे मामले की सम्पूर्ण जाँच करवाकर दोषी निगम के अधिकारी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की मांग की है। ओस्तवाल ने कहा कि निगम में भ्रष्टाचार का खुला खेल हो रहा है और महापौर पूरी तरह से चुप क्यों बैठी है। आखिर यह पूरा षडयंत्र किसके संरक्षण में हो रहा है। इसका खुलासा शहर की आम जनता के सामने किया जाये।

# महाराष्ट्र और झारखंड में खिलेगा कमल - मो. इरफान शेख



**रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा का लहराएगा परचम-हैरी जोसेफ**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान और जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ समवेत तौर पर अपने एक जारी बयान में कहा कि महाराष्ट्र में 288 सीटों वाले विधानसभा महाराष्ट्र के लिए हो रहे आम चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत से जीतकर सरकार बनाएगी।

इसी तरह झारखंड में 81 सीट वाले झारखंड विधानसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में भी भाजपा अपने प्रतिद्वंद्वी पार्टी को करारी शिकस्त देकर फतह हासिल करेगी। स्पष्ट बहुमत से पूर्ण बहुमत से सरकार वहां भी बनेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आम चुनाव में भाजपा की सरकार बनने के बाद राजधानी रायपुर के दक्षिण सीट के लिए उपचुनाव में हुए भाजपा प्रत्याशी को अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी को पठकनी दे रहे हैं। इरफान शेख और हैरी जोसेफ ने आगे कहा कि देश में 50 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस ने देश को दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी पीछे धकेल दिया था। देश के विकास में कांग्रेस का योगदान नींदनीय रहा है। आजादी के दसको बाद अस्तित्व में आई भाजपा ने देश की चिंता करते हुए राज्यों और केंद्र में सरकार बनाने के साथ पूरी ईमानदारी और सूझबूझ से काम करते हुए अपना जनाधार बढ़ाया है।

आज स्थिति ऐसी है कि यह विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था के रूप में जानी पहचानी जाती है। केंद्र में 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार ने जनहितैषी योजनाएं लाते हुए राष्ट्रीय हितैषी योजनाएं लाते हुए दुनिया में भी अपनी शाखा बढ़ाई है। आज भारत सर्वांगीण विकास करते हुए दुनिया में सिरमौर बना हुआ है। विश्व व्यापी कोरोना महामारी के समय भी दुनिया को भारत की जरूरत पड़ी आज भारत विश्व के सबसे शक्तिशाली देश में से एक है और अंतरिक्ष में भी हमारे देश की अच्छी पैठ बन चुकी है।

लेकिन दुख की बात यह है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों देश की राजनीति में अस्थिरता पैदा करने की लगातार कोशिश कर रही है। वह लगातार नाकाम होते जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि हमारे देश की जनता शिक्षित होने के साथ समझदार हो गई है। इसीलिए भाजपा को बार-बार चुनकर देश में स्थायित्व लाना चाहती है और वही हो रहा है।

# विश्व जागृति मिशन मंडल द्वारा 13 दिवसीय धार्मिक तीर्थ दर्शन यात्रा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि सद्गुरु कृपा बिन सुलभ न सोई सद्गुरु सुधांशु महाराज अपने भक्तों के पथ प्रदर्शक है सद्गुरु जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं जीवन जीने की कला के साथ प्रभु से जोड़ते हैं प्रातः स्मरणीय परम पूज्य सदूगुरुदेव सुधांशु महाराज के आशीर्वाद एवं दिव्य प्रेरणा से विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा कार्तिक पूर्णिमा तृतीया से कार्तिक पूर्णिमा तक 13 दिवसीय धार्मिक तीर्थ दर्शन यात्रा में सद्गुरु भक्तों ने संस्था अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित कि गई जिसमें सर्वप्रथम प्रभु श्री राम वन पथगमन चित्रकूट धाम दर्शन यात्रा करते हुए प्रभु श्री राम



की जन्मस्थली अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम की बाल छवि के दिव्य मनमोहक अलौकिक दर्शन कर अपने जीवन को धन-धन्य किया तत्पश्चात प्रयागराज में गंगा यमुना सरस्वती त्रिवेणी संगम के दर्शन पूजन एवं संगम में आस्था की डुबकी लगाई बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में काशी के कोतवाल भैरव बाबा दर्शन एवं बाबा विश्वनाथ के दिव्य अनुपम दर्शन पूजन कर 84 घाट परिक्रमा कर संध्याकालीन मां गंगा की दिव्य आरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा 5वीं तीर्थदर्शन यात्रा थी। भक्तों ने कहा कि यह सारा प्रताप पूज्य गुरुदेव सुधांशु महाराज के सानिध्य का पुण्य फल है कि हम सभी भक्तों को कार्तिक मास में विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल में तीर्थ दर्शन यात्रा का लाभ मिला है। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी/ अध्यक्ष की नियुक्तियों से खुशी का माहौल

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा मंडल छुरिया के अध्यक्ष अजय पटेल के अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक शशिकांत द्विवेदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छुरिया ब्लाक के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की शाखा सहकारी केंद्रीय बैंक गैंदाटोला के अंतर्गत आने वाली समिति जोशीलामती पंजीयन क्रमांक 1089 से हिरेंद्र कुमार साहू पिता चेतन दास साहू गहिराभेड़ी समिति पंजीयन क्रमांक 1107 से आलोक मिश्रा पिता राजकुमार मिश्रा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी आदेश तक प्राधिकृत अधिकारी/ अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। इस



अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए ज्येष्ठ,श्रेष्ठ एवं वरिष्ठों ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। हिरेन्द्र कुमार साहू पिता चेतन दास साहू, आलोक मिश्रा, राजकुमार मिश्रा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बधाइयां एवं शुभकामनाएं देने वालों को हार्दिक अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त करते हैं।

भविष्य में भी इसी प्रकार की स्नेह एवं आशीर्वाद की अपेक्षा रखते हैं। बधाई देने वाले में प्रमुख रूप से चंद्रिका प्रसाद डड़सेना भाजपा जिला उपाध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डायरेक्टर मिथिलेश कुमार दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, रविन्द्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा, किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, भुनेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया, जगजीत सिंह भाटिया, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, संजय सिन्हा महामंत्री, खिलेश्वर साहू महामंत्री छुरिया, राधेश्याम शर्मा मीडिया प्रभारी, नैन सिंह पटेल, अशोक मरकाम, हनीफ कुरैशी सरपंच गैंदाटोला, गौरव अग्रवाल, मनीष त्रिपाठी, बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार, घनश्याम साहू सरपंच ग्राम पंचायत केशाल, परस कोर्राम, हिरसिंग चंदूराम, कृष्णा राम, रामदयाल गणेश राम डहरे, टेमन साहू सहित आसपास ग्रामीणों ने बधाई दी।

# विश्व शौचालय दिवस 2024 के अवसर पर हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत हमारा शौचालय-हमारा सम्मान थीम पर विश्व शौचालय दिवस 2024 की प्रबंधन समिति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक चलने वाले विश्व शौचालय दिवस 2024 की थीम हमारा शौचालय-हमारा सम्मान का आयोजन करते हुए हॉट बाजार, स्कूलों, आंगनबाड़ी, धान खरीदी केन्द्रों में, शासकीय कार्यालयों में शौचालयों के रंग-रोगन, साफ-सफाई रखने एवं अभियान का सफल आयोजन करने के लिए उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा राज्य स्तर से वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक चलने वाले विश्व शौचालय दिवस 2024 के



अवसर पर हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायतें स्वप्रेरणा से अपने-अपने पंचायतों में एकल प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध कर सकते हैं।

जिन घरों में विवाह या अन्य सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन घरों से सामुदायिक शौचालय उपयोग हेतु अतिरिक्त राशि तय कर सकते हैं। पखवाड़ा के प्रथम 5 दिन स्कूली बच्चों को शामिल करते हुए स्वच्छता एवं शौचालय के लिए जागरूक करना एवं स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम में जिला स्तर पर जनप्रतिनिधि, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की टीम, सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़, जिला समन्वयक वर्ल्ड विजन इंडिया यूनिसेफ तथा 195 ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों के साथ स्वच्छता के कार्य में संलग्न स्वच्छाग्राही समूह की महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में विश्व शौचालय दिवस 2024 के अवसर पर 4 हितग्राहियों वर्षा पाल ग्राम संकरा, नरेन्द्र कुमार साहू ग्राम संकरा, ज्योति ग्राम देवादा, पूर्णिमा साहू ग्राम ढोडिया को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, उप संचालक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, उप संचालक शिक्षा, उप संचालक जनसंपर्क, उप संचालक पंचायत, उप संचालक समाज कल्याण, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला समन्वयक एसबीएम उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> कुछ दूरी चलना ही तो है
> लक्ष्य तक पहुंचना ही तो है
> रास्ते में मुश्किलें भी हैं
> पर साथ में हिम्मत भी तो हैं।

# कैलाश गहलोत का बीजेपी में जाना आप के लिए कितना बड़ा झटका ?

**अंशुल सिंह**

मैं आज इस तिरंगे के नीचे खड़े होकर बड़े गर्व के साथ ये कह सकता हूं कि अरविंद केजरीवाल आधुनिक स्वतंत्रता सेनानी हैं.अरविंद केजरीवाल के लिए इन शब्दों का इस्तेमाल दिल्ली के पूर्व परिवहन मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता रहे कैलाश गहलोत ने किया था.तीन महीने पहले 15 अगस्त 2024 को कैलाश गहलोत ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में झंडा फहराया और कहा कि 'लोकतंत्र विरोधी ताक़तों' ने केजरीवाल को जेल भेजकर उन्हें रोकने की साज़िश की है.

इस बयान के तीन महीने बाद रविवार को कैलाश ने मंत्री पद छोड़ा और आप की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफ़ा दे दिया. उन्होंने पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर 'जनता से किए वादे पूरे न करने' का आरोप लगाया है. रविवार को एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस में अरविंद केजरीवाल से जब कैलाश गहलोत पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली और माइक बगल में बैठे विधायक दुर्गेश पाठक की तरफ़ खिसका दिया.दुर्गेश पाठक ने कहा, बीते कुछ महीनों से कैलाश जी को ईडी हर दिन बुलाती थी, उनको आईटी और ईडी की रेड का सामना करना पड़ रहा था. तो उनके पास कोई रास्ता नहीं था, उन्हें भारतीय जनता पार्टी में ही जाना था. हालांकि बीजेपी में शामिल होते समय कैलाश गहलोत ने कहा कि ईडी या सीबीआई की बात ग़लतफ़हमी है. 15 सितंबर 2024. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे. केजरीवाल समेत मंच पर एक दर्जन से ज़्यादा नेता मौजूद थे. तभी अचानक केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से अपने इस्तीफ़े की घोषणा कर दी. इस दौरान आतिशी, सौरभ भारद्वाज और कैलाश गहलोत भी मौजूद थे.

केजरीवाल के इस्तीफ़े के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए इन तीनों नाम की चर्चा हो रही थी लेकिन अंत में आतिशी मुख्यमंत्री बनीं. इस्तीफ़े की घोषणा के पहले केजरीवाल ने एक ज़रूरी बात कही थी जिसे कैलाश गहलोत के इस्तीफ़े की एक अहम कड़ी बताया जा रहा है.

केजरीवाल ने कहा था, 15 अगस्त के तीन दिन पहले मैंने एलजी साहब को चिट्ठी लिखी थी कि मैं चूंकि जेल में हूं, मेरी जगह आतिशी जी को झंडा फहराने की इजाज़त दी जाए. वो चिट्ठी एलजी साहब तक नहीं पहुंचाई गई थी और मुझे वॉर्निंग जारी की गई थी.



केजरीवाल के इस बयान के बाद संजय सिंह समेत बाकी नेता शेम-शेम कहने लगे, लेकिन संजय सिंह के ठीक पीछे बैठे कैलाश गहलोत चुप थे. केजरीवाल आतिशी का नाम चाहते थे, लेकिन उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने झंडा फहराने के लिए कैलाश गहलोत को नामित किया और गहलोत गए भी थे. मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि इस घटना को पार्टी के भीतर अविश्नवास की भावना की तरह देखा गया. एक तरफ़ आम आदमी पार्टी के साथ उपराज्यपाल का टकराव लगातार बढ़ रहा था, वहीं दूसरी तरफ़ गहलोत अपने चिर-परिचित ख़ामोशी वाले अंदाज़ में वीके सक्सेना के साथ मिलकर काम करते हुए दिखाई दे रहे थे. इस दौरान गहलोत कैब एग्रीगेटर और प्रीमियम बस सेवा जैसी नीतियों को पारित करवाने में सफल रहे जबकि उनके सहयोगी उपराज्यपाल के ऊपर काम न करने का आरोप लगा रहे थे. वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद जोशी कहते हैं, एक चीज़ बड़ी साफ़ दिखाई पड़ती है कि रिश्ते अच्छे रहे हैं. झंडा फहराने की घटना एलजी के गहलोत के साथ रिश्ते को दिखाती है. पार्टी के भीतर कैलाश गहलोत उस धारा के व्यक्ति हैं कि केंद्र सरकार के साथ टकराव न किया जाए और उन्होंने अपने इस्तीफ़े में भी यह बात कही है. ये सारी चीज़ें इस बात की तरफ इशारा करती हैं कि शायद बीजेपी के प्रति उनका एक सॉफ़्ट कॉर्नर रहा था. फ़रवरी 2023 में मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने दिल्ली की कैबिनेट से इस्तीफ़ा दिया था. तब दोनों कथित शराब घोटाले के आरोप में जेल में थे. इसके बाद आतिशी और सौरभ भारद्वाज को कैबिनेट में शामिल किया गया. जून, 2023 में आतिशी को राजस्व, प्लानिंग और वित्त विभाग की ज़िम्मेदारी दे दी गई, जिसे इससे पहले कैलाश गहलोत संभाल रहे थे. मार्च, 2023 में गहलोत ने दिल्ली विधानसभा में बतौर वित्त मंत्री बजट भी पेश किया था. दिसंबर 2023 में आतिशी को क़ानून विभाग की भी ज़िम्मेदारी मिल गई जिसकी ज़िम्मेदारी भी कैलाश गहलोत के पास थी और इस साल आतिशी को मुख्यमंत्री बना दिया गया. इन घटनाक्रमों को सियासी गलियारों में कैलाश गहलोत की नाराज़गी के रूप में देखा गया था. बीजेपी में शामिल होते समय कैलाश गहलोत ने भी कहा है कि यह कोई एक दिन का फ़ैसला नहीं है. वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण मोहन शर्मा इसके पीछे दो प्रमुख वजह बताते हैं. कृष्ण मोहन शर्मा कहते हैं, पहली वजह है अरविंद केजरीवाल की तानाशाही क्योंकि आम आदमी पार्टी में कैडर और पद के हिसाब से हैसियत जैसी बात नहीं है. जो अरविंद केजरीवाल को पसंद आएगा, उसी हिसाब से सरकार चलेगी. दस साल से गहलोत मंत्री थे और वो सीनियर हो गए थे लेकिन आपने आतिशी की लैटरल एंट्री करा दी और मुख्यमंत्री बना दिया. जो भी आदमी आपके साथ शिद्दत से काम कर रहा था उसे तकलीफ़ होगी. यही वजह है कि उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया. दूसरी वजह है आम आदमी की लोकप्रियता का गिरता ग्राफ़ और खिसकता जनाधार. गहलोत दिमाग़ से तेज़ हैं. उन्हें शायद लग गया होगा कि यह पार्टी चुनाव नहीं जीत पाएगी इसलिए संभव है कि वो मंत्री पद से इस्तीफ़ा देकर बीजेपी में चले गए. कुछ हफ़्ते पहले कैलाश गहलोत अरविंद केजरीवाल को फिर से सीएम बनाने की बात कर रहे थे और ख़ुद को केजरीवाल का हनुमान बताते हुए लंबित कामों को पूरा करने की बात कह रहे थे.सोमवार को अरविंद केजरीवाल से एक बार फिर जब कैलाश गहलोत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, वो फ़्री हैं जहां मर्जी जाएं.इंडियन एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के मुताबिक़, पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व केजरीवाल से नाराज़ था और ऐसा पहली बार नहीं था. पार्टी को पता था कि गहलोत पार्टी छोड़ सकते हैं और जाट समाज से ही उनका विकल्प खोज लिया गया था.रिपोर्ट में आप के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से लिखा, 2020 का विधानसभा चुनाव, 2017 का एमसीडी चुनाव और हालिया लोकसभा चुनाव तीनों में ही गहलोत अपनी सीट पर प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए थे. इसके बाद झंडे वाले विवाद से बात और आगे बढ़ गई थी.

जाट समाज से आने वाले कभी केजरीवाल के ख़ास रहे कैलाश गहलोत के पार्टी छोड़ने पर क्या नुक़सान हो सकता है?वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद जोशी का कहना है, राजनीति में परसेप्शन बहुत मायने रखता है और परसेप्शन के स्तर पर आप को बड़ा झटका लगा है क्योंकि एक वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री ने पार्टी छोड़ दी है. केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद पार्टी पहले से ही परसेप्शन के मोर्चे पर जूझ रही है.

## सामाजिक समरसता का संगम बने कुंभ, संदेश पूरे देश में प्रवाहित होना चाहिए

कुंभ में दुनिया के अनेक देशों के निवासी आते हैं। संतों- महंतों का यह विशेष कार्यक्रम कुंभ में दर्शनीय होगा। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता का संगम बनना चाहिए। कुंभ अंतरराष्ट्रीय आश्चर्य है। बिना बुलाए करोड़ों लोगों की उपस्थिति विस्मित करती है। प्रयागराज में अमृतरस से भरा कुंभघट छलकता है। सारी दुनिया के जिज्ञासु आस्तिक और नास्तिक भी आते हैं।

कुंभ पर्व के शुभागमन की पगध्वनि सुनाई पड़ रही है। साहित्यकारों की गैलरी का नवीनीकरण हो रहा है ताकि प्रतिष्ठित साहित्यकारों के आडियो और वीडियो सुने-देखे जा सकें। इसके अलावा भी तमाम तैयारियां चल रही हैं। सारी दुनिया से प्रयागराज के महासंगम में करोड़ों श्रद्धालु आते हैं, लेकिन सबसे बड़ी खबर संतों की है। महाकुंभ में 370 दलितों को महंत, पीठाधीश्वर जैसी प्रतिष्ठित जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। यह कार्य जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर महेंद्रानंद गिरि को करना है। यह खबर सामाजिक समरसता को पुष्ट करने वाली है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि आज समाज विभाजक तत्वों ने अनेक मोर्चे खोल रखे हैं। अनुसूचित जातियों- जनजातियों को हिंदू समाज से अलग रहने के लिए उकसाया जा रहा है। जाति विभाजन चिंता का विषय है। अनुसूचित जातियों- जनजातियों को मूल धारा से अलग करने के प्रयास हो रहे हैं। मतांतरण कराने वाली शक्तियां सक्रिय हैं। चुनौती बड़ी है। परस्पर आत्मीयता बढ़ाने के लिए सामाजिक समरसता अपरिहार्य है। दलित-वंचित बंधुओं से संवाद आवश्यक है। सामाजिक समरसता को हर हाल में बचाना और बढ़ाना राष्ट्रीय कर्तव्य है। सामाजिक समरसता अपरिहार्य है। भारत की संत परंपरा अद्वितीय है। रामानुज, रामानंद, तुलसीदास, कबीर, रविदास, सूरदास सहित अनेक संतों ने भारतीय ज्ञान परंपरा और भाईचारे को समृद्ध किया है। शंकराचार्य ने वेदांत दर्शन को विश्व व्यापी बनाया। इतिहास के मध्यकाल में संतों के प्रवाह ने आंदोलन जैसा रूप धारण किया।

मार्क्सवादी शिवकुमार मिश्र ने भी लिखा है कि भक्ति आंदोलन में कोटि-कोटि साधारण जन ही शिरकत नहीं करते, समग्र राष्ट्र की शिराओं में इस आंदोलन की ऊर्जा स्पंदित होती है। जबरदस्त ज्वार उफनाता है कि उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सब मिलकर एक हो जाते हैं, सब एक-दूसरे को प्रेरणा देते हैं, एक दूसरे से प्रेरणा लेते हैं। अपनी आध्यात्मिक तृषा बुझाते हैं, एक नया आत्मविश्वास, आत्मसम्मान के साथ जिंदा रहने की, शक्ति पाते हैं। कुंभ में दलितों को सम्मान देने के प्रयास का स्वागत किया जाना चाहिए। राजनीति के क्षेत्र में सामाजिक समता और सामाजिक न्याय की बातें चलती हैं। राजनीतिक दल जाति समाप्ति के आदर्श दिखाते हैं। वे जातियों को स्थिर इकाई मानते हैं, लेकिन अपनी जाति की श्रेष्ठता बघारते हैं। जाति सामाजिक बुराई है।

गांधी, आंबेडकर, लोहिया, श्याम प्रसाद मुखर्जी जैसे वरिष्ठ नेता जाति के खात्मे की बात आगे बढ़ाते रहे। आंबेडकर ने कहा था कि जाति खत्म करना जरूरी है। जाति खत्म होकर रहेगी। इसलिए कि वह अप्राकृतिक है। भारतीय चिंतन दर्शन में जाति वर्ग जैसे शब्दों का उल्लेख नहीं है। प्रत्येक मनुष्य अनूठा है। अद्वितीय है। अनंत संभावनाओं से युक्त है। उसकी प्रतिभा का आदर और सदुपयोग करना राष्ट्र राज्य का दायित्व है। जो लोग जाति का खात्मा चाहते हैं, उन्हें चाहिए कि पुराने सामाजिक वर्गों की परवाह न करते हुए समग्र समाज के लिए काम करें। व्यक्ति में अनेक क्षमताएं होती हैं। सब एक जैसे नहीं हो सकते। किसी की क्षमता विस्मित करती है। किसी की क्षमता निराश करती है। सब अपने हैं। जाति-पंथ के भेद का उपचार अलगावाद नहीं है। कुछ व्यक्ति अपनी मान्यताओं के प्रति आग्रही होते हैं। समाज का एक वर्ग भिन्न रास्ता अपनाता है। परस्पर टकराव होता है। सामाजिक समरसता सभी कठिनाइयों का समाधान है। भारतीय दर्शन और उपनिषदों सहित सभी ग्रंथों में रस शब्द की महत्ता है। रस जीवन का प्रवाह है। रस का अनुभव व्यक्ति के पूरे व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। तैत्तरीय उपनिषद के ऋषि ने ब्रह्म को रस कहा है- रसो-वै सह। प्रत्येक व्यक्ति के अंतरंग में रस प्रवाहित होता है। शंकराचार्य ने लिखा है, ज्खट्टा मीठा आदि तृप्तिदायक पदार्थ लोक में रस नाम से प्रसिद्ध है। ऐसे रस से युक्त पुरुष आनंदी हो जाता है।ज्ज् प्रत्येक व्यक्ति का स्वभाव भिन्न-भिन्न होता है। बहुत लोगों को यह जीवन संघर्ष लगता है। बुद्ध के अनुसार यह जीवन दुखमय है। किसी-किसी को यह जीवन ईश्वर का प्रसाद लगता है। सबके रस भिन्न-भिन्न होते हैं। समान भाव, समान रस संपूर्ण समाज को आनंदित करते हैं। इसे समरसता कहते हैं। सामाजिक समरसता और समता पर्यायवाची नहीं हैं। प्रत्येक व्यक्ति की भाषा, भावना, प्रीति, अभिव्यक्ति और क्षमता भिन्न-भिन्न प्रकार की होती है। समरसता के मिलते ही समता अपने आप मिल जाती है। अनुसूचित जातियों और जनजातियों को सामाजिक विषमता के कारण बड़ी कठिनाइयां झेलनी पड़ी हैं। संविधान निर्माताओं और राष्ट्र राज्य ने ऐसे वर्गों के लिए तमाम रक्षोपायों की व्यवस्था की है। स्वाभाविक ही इस वर्ग के लोगों में सुंदर भविष्य की कामना है। इन्हें मिल रही सुविधाएं औचित्यपूर्ण हैं, लेकिन परस्पर समरसता नहीं है। उन्हें अपने बीच का सरकारी अफसर, नेता, विधायक, सांसद, मंत्री और राज्य प्रमुख अच्छा लगता है। अपने देश में राष्ट्रपति का पद सबसे बड़ा है। आज कमजोर वर्गों को लगता है कि राष्ट्रपति उनके घर का है। भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही साधु संतों का विशेष सम्मान रहा है। गरीबों वंचितों के बीच से कोई प्रधान निर्वाचित होते हैं तो उन्हें खुशी होती है। वंचित वर्गों से लोगों का संत-महंत बनना वाकई किसी बड़े सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत है। अब राष्ट्र जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां वंचित वर्ग के लोग उपस्थित न हों। कुंभ में दुनिया के अनेक देशों के निवासी आते हैं। संतों- महंतों का यह विशेष कार्यक्रम कुंभ में दर्शनीय होगा।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 318 : राज्य की दक्षिणी सीमा पर श्री राम द्वारा मातृभूमि की भावपूर्ण वंदना

**डॉ. योगेन्द्र कुमार पाण्डे**



श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी कौशल राज्य की दक्षिणी सीमा पर बने हुए द्वार पर हैं। प्रहरियों ने अपने स्थान से झुककर श्री राम का अभिवादन किया। तीनों रथ से नीचे उतरे। इन रक्षकों को भी अनायास श्री राम के आने का अनुमान नहीं था। ऐसी कोई पूर्व सूचना भी नहीं थी।

''प्रणाम! राज्य की सीमा पर आप सबका स्वागत है राजकुमार राम, राजकुमार लक्ष्मण और राजकुमारी जी!'' प्रमुख द्वाररक्षक ने कहा।

''शुभम् भवतु!'' श्री राम ने कहा।

''क्या आप राज्य की सीमा के निरीक्षण पर आए हैं?'' द्वारपाल ने पूछा।

''नहीं! हम दक्षिण द्वार से होकर एक गुप्त यात्रा पर जा रहे हैं।'' श्री राम ने कहा।

''आपके साथ कोई रक्षक नहीं है।क्या हम सहायता के लिए साथ चलें राजकुमार'' एक अन्य प्रहरी ने पूछा।

''वीर! इसकी आवश्यकता नहीं है। आप पूर्ववत अपने कर्तव्य का पालन करते रहें।'' लक्ष्मण जी ने कहा।

श्री राम ने मुड़कर अयोध्या की दिशा में देखा और दंडवत होकर कौशल राज्य की मातृभूमि की वंदना की। लक्ष्मण जी ने भी उनका अनुसरण किया। सीता जी अपने घुटनों पर बैठकर प्रणाम मुद्रा में हैं।

इसके बाद श्री राम खड़े हुए और हाथ जोड़कर कहने लगे, ''हे महिमामयी मातृभूमि! मैं दशरथ पुत्र राम अपना दायित्व पूरा करने के लिए एक लंबी अवधि हेतु यहां से प्रस्थान कर रहा हूं।पंचतत्व में से एक होने के कारण आप यहां हैं तो सकल जम्बूद्वीप और संपूर्ण जग में भी विस्तृत हैं।हे माता भूमि! आपकी गोद में मेरा बचपन बीता है। आपके संरक्षण में मेरा पालन पोषण हुआ है। मैं संस्कारित हुआ हूं। आज आपसे दूर जा रहा हूं। हम तीनों पर अपनी स्नेहछाया और आशीर्वाद सदैव बनाए रखें।''

कुछ देर मौन प्रार्थना करने के बाद तीनों पुनः रथ पर आरूढ़ हुए और रथ दक्षिण दिशा की ओर बढ़ चला।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## शब्द सामर्थ्य -242


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 241 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू- दोकू क्र.242

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.241का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## स्मृतियां-17

# पठन -कौशल

पठन कौशल सामान्य नहीं है। कोई-कोई ही यह कुशलता विकसित कर पाता है। अधिकांश लोग जैसे- तैसे अपनी पढ़ाई पूरी कर लेते हैं। लेकिन सही पठन कौशल विकास के लिए वांछित कुशलता चाहिए।

प्रत्येक के पास अपना चश्मा हैं। जिसमें अध्ययन-अनुभव का ''पावर'' लगा है। जिसका जितना अध्ययन -अनुभव उतना ही ''पावर'' है। पठन सामग्री को पढ़कर वह वैसा ही अर्थ लगाता है।

हरिशंकर परसाई की एक व्यंग्य रचना पढने का अवसर मिला। उसका शीर्षक ''एक तृप्त आदमी की कथा'' मुझे वह अच्छी लगी। मैंने उस पर एक प्रयोग किया था।

वह रचना सबसे पहले एक आठवी में पढने वाले होशियार बच्चे को पढने दी। फिर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ के एक एम-ए पास व्याख्याता को दी। उसने भी पढ़ा और, अंत में संस्था में चल रहे सेवा कालीन शिक्षकों के प्रशिक्षण में 40 शिक्षकों के समूह को उसे पढ़ने दिया। उससे पहले उस रचना को कम्प्यूटर में टाईप कर फोटो कापी कराई।

पढ़ने के बाद तीनों ही वर्ग के पाठकों की समान एक ही प्रतिक्रिया थी। ''वह तृप्त आदमी था''। उस रचना में एक जगह लिखा भी हुआ है 'वह तृप्त आदमी था, ऐसा आदमी मिलना दुर्लभ है' आदि।

मुझे हैरानी हो रही थी लोगों के पठन-कौशल पर। जबकि उसमें साफ लिखा हुआ है ''मास्टर एल एन शर्मा रेगिस्तान में झरने के समान है।'' क्या रेगिस्तान में झरना संभव है? एक जगह परसाई ने साफ लिखा है ''एक बार मैं बीमार पड़ गया था। मेरे सामने तरह-तरह के पकवान लाए जाते थे किन्तु, मैं मना कर देता था।'' परसाई साफ तौर पर कह रहें हैं सचमुच में कोई तृप्त आदमी हो ही नही सकता। यदि कोई ऐसा महसूस करता है तो वह बीमार है।

अधिकांश लोग परसाई के महीन किंतु तीक्ष्ण व्यंग को नही समझ पाए। क्या पठन कौशल इतना आसान है? पढ़कर समझना इतना आसान भी नही।

बीएससी के दिनों में एक बार मेरे पड़ोसी ने मुझे एक उपन्यास पढने को दी। मैंने पढ़ने की कोशिश की। शुरू में ही वाक्य था ''गाड़ी चल रही है, पहिए घुम रहें है।'' मैं बोर हो गया, मैंने पड़ोसी से कहा मैं नही पढ़ सकता इतना बोरिंग उपन्यास। उसने सुझाया थोडा पढ़ के तो देखो, अच्छा लगेगा। मैंने पूरी हिम्मत जुटा करके पढ़ा। वाकई वह बहुत अच्छा उपन्यास था। पढने में हमारे दृष्टिकोण का भी बहुत बड़ा हाथ होता है।



**युगल किशोर तिवारी**
8827292489

## कविता

### साथ जायेगा नहीं कुछ भी

साथ जायेगा नहीं कुछ भी
काहे घमंड करे तू इन्सान
तेरी मिट्टी की है हर शान
जतन जर ले अब कुछ भी
साथ जायेगा नहीं कुछ भी
खाली हाथ आया है जग मे
खाली हाथ जायेगा जग से
फिर कैसे है खुमान अब भी
साथ जायेगा नहीं कुछ भी
माटी का झूठा देह बनाया
झूठा इसका स्नेह बनाया
माटी मे मिलेगा ये देह भी
साथ जायेगा नहीं कुछ भी
मानव जीवन व्यर्थ किया है
नहीं कभी भी अर्थ किया है
खाक हो जायेगा ये तन भी
साथ जायेगा नहीं कुछ भी
कर्म पथ के साथी बन चल
हालात को कर्म से तू बदल
तब साथ देगा ये जीवन भी
साथ जायेगा नहीं कुछ भी



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
आमाचानी धमतरी छ.ग.
9907126431



## राशिफल



**मेष**

आज अपने काम के लिए आपके मन में कोई नया विचार आ सकता है। आप उस पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं। लेकिन आज दिन खत्म होते-होते आपको ऐसा लग सकता है कि आपका कोई काम पूरा नहीं हो पाया है, जिससे आपको कुछ तनाव महसूस हो सकता है।



**वृषभ**

आज खुद की मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे। आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम में आज आपको सफलता मिल सकती है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। लवमेट के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे।



**मिथुन**

आज आपको किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहिए। कोई आपकी ऑफिशियल जानकारी लीक कर सकता है। आपको ध्यान से अपना काम करने की जरूरत है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना हाथ बंटा सकते हैं।



**कर्क**

आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जायेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके लिए बहुत-सी चीज़ें आज फायदेमंद हो सकती हैं। आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते है। विवाहितों के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको अपने जीवनसाथी से पूरा सपोर्ट मिलेगा।



**सिंह**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी अधूरे काम में आज हाथ लगाने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए आपको नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करेंगे, तो करियर में उन्नति के अच्छे रास्ते खुल सकते हैं।




**कन्या**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव का प्रयोग करना चाहिए। इससे लोगों पर आपका प्रभाव पड़ेगा। अगर आप बिल्डर हैं, तो आज आपको बहुत ही सोच-समझ कर निवेश करना चाहिए।



**तुला**

आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलायेगा। आपका दिन बेहतर रहेगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्रांग रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजक कार्य करने का मौका मिल सकता है।



**वृश्चिक**

आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाये रखना चाहिए।



**धनु**

आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्तो की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे।




**मकर**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। माता-पिता की सेहत में सुधार होगा।



**कुंभ**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलायेगा। आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे।



**मीन**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

# सर्व आदिवासी समाज ने चुनाव में आरक्षण को लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ भरी हुंकार



सभा कर नेशनल हाईवे में निकाली आक्रोश रैली

छुरिया (दावा)। जिले के छुरिया ब्लाक में आने वाले बम्हनी चारभाठा, गैंदाटोला, कुमरदा, तीनों जिला पंचायत क्षेत्र और नगर पंचायत छुरिया को एसटी आरक्षण करने की मांग सहित छ.ग. शासन में बैठे विष्णुदेव साय कैबिनेट बैठक में 2024 के त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव मे ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण देने पर एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) को वर्तमान में बिना सर्वे 2001, 2011 अनुसार आधार मानकर राजनांदगांव जिले मे महज 20 से 24 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने शासन और प्रशासन के खिलाफ सभा कर आक्रोश रैली निकाली, सभा का आयोजन जिले के ग्राम बापूटोला (चिचोला) में हुआ जिसमें हजारों हजार सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे, जहां आदिवासी समाज प्रमुखोड्डु ने सभा को संबोधित करते हुए विष्णुदेव सरकार और प्रशासन पर खूब बरसे, सभा पश्चात समाज प्रमुखों की अगुवाई में समाज के महिला पुरुष युवा युवती हजारों हजार की भारी संख्या में सभा स्थल से छुरिया मोड़ नेशनल हाईवे के दोनों ओर चलते एवं शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भीड डोंगरगढ़ मोड तक गई जहां से वापस छुरिया मोड़ पहुंची व नेशनल हाईवे मे ही भीड नारेबाजी करते हुए सड़क के दोनों ओर बैठ गई जिसके बाद प्रदेश से आए समाज प्रमुखों ने सामाजिक भीड़ को संबोधित कर एवं कलेक्टर प्रतिनिधि एडीएम मैडम को राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, एसटी आयोग के नाम अपनी मांगो का ज्ञापन सौंपा।

### समाज की प्रमुख मांग

जिले में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में छुरिया ब्लाक अंतर्गत आने वाले तीनों जिला पंचायत क्षेत्र बम्हनी चारभाठा, गैंदाटोला, कुमर्दा का आरक्षण एसटी के लिए आरक्षित करने सहित बोरतलाव को यथावत एसटी रखने की मांग है, वही जिले के एक नगर पंचायत छुरिया को अध्यक्ष पद हेतु एसटी आरक्षण करने की मांग है, इसके अलावा समाज की चेतावनी भी है, एसटी आरक्षण में किसी भी प्रकार की कोई कटौती बर्दास्त नहीं की जाएगी।

सर्व आदिवासी समाज के जिला प्रवक्ता/मिडिया प्रभारी मनभावन सिंह उईके ने समाज का जताया आभार विगत 18 नवंबर को आयोजित सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित आदिवासी विरोध प्रदर्शन एवं सभा रैली में शामिल प्रदेश सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे। साथ ही गोंड समाज ओडारबांध के महासभा अध्यक्ष, कंवर समाज महासभा अध्यक्ष, कोईतुर गोंड महासभा अध्यक्ष, गोंडवाना गोंड महासभा अध्यक्ष, हल्बा समाज अध्यक्ष, उराव समाज अध्यक्ष, कंडरा समाज अध्यक्ष, पारधी समाज अध्यक्ष, प्रधान गोंड समाज अध्यक्ष, सोनझारी समाज के प्रमुख सभी आदिवासी मुड़ादार एवं सभी समाज प्रमुख सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले सामाजिक भाई बहनों का श्री उईके ने धन्यवाद/आभार ज्ञापित किया है, साथ ही सर्व आदिवासी समाज द्वारा शासन प्रशासन को जो आरक्षण एवं संख्या आधार पर आरक्षण देने एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव/नगर पंचायत चुनाव मे अध्यक्ष पद हेतु ज्ञापन सौंपा है, उस हिसाब से आरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो, जल्द ही सर्व आदिवासी समाज प्रदेश भर में उग्र आंदोलन करने की बात कही है जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# रतनभाट सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बने दीनदयाल साहू

**(राजेश मेश्राम)**



जोंधरा (दावा)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के निर्देशन में सेवा सहकारी समिति मर्यादित रतनभाट क्र. 1308 का अध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू को मनोनीत किया गया। दीनदयाल साहू भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष है, साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज कलडबरी के अध्यक्ष भी हैं। दीनदयाल साहू के सेवा सहकारी समिति रतनभाट के अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के किसानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। दीनदयाल साहू ने कहा कि भाजपा कि विष्णु देव साय कि सरकार हमेशा किसानों के हित में काम कर रही है और विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है। हम पुरे टीम भावना के साथ सेवा सहकारी समिति मर्या. रतनभाट का संचालन करेंगे। इनकी नियुक्ति पर कुमर्दा मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, हिरेंद्र साहू जि.अ.किसान मो.कैलाश शर्मा, अनिरुद्ध चंद्राकर, किसुन साहू, गोपाल साहू, सुन्दर साहू, अनंत तिवारी, एकांत चंद्राकर, मुकेश साहू,हिरदे देवांगन, कंशू यादव, सुमीत मंडावी, भूपेंद्र नायक, हिरेंद्र चंद्रवंशी, रूपेश साहू, चंदू पटेल, डामन साहू, गोपाल भुआर्य, गोविन्द साहू, लक्ष्मण साहू, नीलकंठ साहू, पूरी गोस्वामी, शिवम, विकास, दिलीप, मनीष साहू सहित सभी मोर्चो एवं प्रकोष्ठों के कार्यकताओं ने बधाई दी है।

## पहला कॉलम...

### डुमरडीहकला में चंडी महायज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत की तैयारी जोरों पर

राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के डुमरडीहकला में चंडी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत की तैयारी जोरों पर है। इस संबंध में सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि 2 दिसंबर सोमवार को कलश यात्रा



के साथ चंडी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ होगा। 3 दिसंबर को शिव-नारद संवाद, साष्टि निरूपण, मधु कैटभ की कथा, सुग्रीव अवतार, 4 दिसंबर, दिन-बुधवार को व्यास तपस्या, शुकदेव जन्म, बुध्द की कथा, सुद्युनम-ईला चरित्र की कथा, 5 दिसंबर, दिन-गुरुवार ब्रम्हा-विष्णु-महेश की दीक्षा, महरुद्राणी की कथा, प्रहलाद चरित्र, 6 दिसंबर, दिन-शुक्रवार संपूर्ण महाभारत की कथा, ध्रुवसंधि की कथा, सुदर्शन चरित्र की कथा, 7 दिसंबर, दिन-शनिवार नवरात्र पूजन विधान, कुंवारी पूजन विधान, सुशिल वैश्य की कथा, राम की शक्ति पहुंच, 8 दिसंबर, दिन-रविवार को नर नारायण की कथा, भृगुश्राप, चौक्सि अवतार की कथा, 9 दिसंबर, दिन-सोमवार को महिसासुर की कथा, रक्त बीज वध, चंड-मुंड वध, शुंभ-निशुंभ वध, सभी दैत्यों का वध, सुरथ-समाधी की कथा एवं चधौत्री, 10 दिसंबर दिन-मंगलवार को गीता प्रवचन, गीता दान, विल्व वर्षा, महाप्रसादी व भंडारा किया जाएगा। चंडी यज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पाण्डेय, श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर श्रीमुख से संपन्न होगा। चंडी यज्ञ सुबह 8 बजे 10 बजे तक शाम 6 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा व श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर ने समस्त धर्मप्रेमियों से इस चंडी यज्ञ व पावन कथा में शामिल होने की अपील की है।

### वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई और इंदिरा गांधी जयंती मनाई गई

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में



वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई एवं आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्याता अजय पाठक ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र, युद्ध कौशल, मातृभूमि प्रेम एवं शहादत का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी ने बचपन में वानर सेना का निर्माण कर लिया था। वो हमारे देश कि पहली एवं एकमात्र महिला प्रधानमंत्री थी। रानी लक्ष्मीबाई की याद में लोग आज के दिन को महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित सभी शक्ति स्वरूपा महिला व्याख्याताओं का सम्मान किया गया। जिसमें रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, बिंदु साहू एवं विद्यालय के स्वामी विवेकानंद यूथ एवं इको क्लब के प्रधानमंत्री मोनिका निषाद, शाला नायक ओझल देवांगन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्राचार्य आरके देवांगन, आरडी देवांगन, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, भागवत साहू, वेद साहू, महेश रावटे एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### गंडई महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर परिचर्चा पर आयोजन

गंडई (दावा)। श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई



में प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत् स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। परिचर्चा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एन एस वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधान इस वर्ष से छ.ग. उच्च शिक्षा विभाग में लागू हो गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सम्बन्धित प्रावधानों से छात्र-छात्राओ एवं पालकों को अवगत कराने तथा उनके शंकाओं का निराकरण करने के लिये प्राध्यापकों को निर्देशित किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा के विभिन्न प्रावधानों से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को कोर सब्जेक्ट, जनरेटिक इलेक्टिव वेल्यु एडेड, स्किल इन्हेन्समेंट एवं आंतरिक मुल्यांकन एवं असाइनमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एन.एस. वर्मा, प्रो जी.कौशिक, प्रो. पी.के.अमिला, महाविद्यालय के समस्त अतिथि प्राध्यापक व स्वाध्यायी (प्रायवेट) छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दीवानझिटिया में किसानों को रास्ता देने सीमांकन कार्य प्रारंभ



एक किसान के रास्ता बंद करने से सैकड़ों किसान प्रभावित

डोंगरगाँव (दावा)। ग्राम दीवानझिटिया के किसानों के खेत पहुंच मार्ग बाधित होने की सूचना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने सुध लेते हुए त्वरित निराकरण के लिए मौके पर पहुंचकर सीमांकन कार्य प्रारंभ किया है. बता दें कि 19 नवंबर मंगलवार को ग्राम दीवानझिटिया के सैकड़ों किसान अपने परिवार के साथ अपनी समस्या को लेकर एसडीएम कार्यालय डोंगरगांव पहुंचे थे। किसानों ने अपने आवेदन में बताया कि एक किसान ने अपनी जमीन में घेरा कर उनके खेत पहुंच मार्ग को अवरूद्ध कर दिया है, चूंकि यह जमीन मुख्य मार्ग से लगा हुआ है और इस खेत की जमीन के पीछे अनेक किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन में धान की फसल पककर खड़ी है और कटाई में लगातार हो रहे देरी के चलते धान की फसल बर्बाद हो रही है, ऐसे में किसानों का परेशान होना स्वाभाविक है और स्थानीय राजस्व विभाग व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस बल के साथ राजस्व टीम को आज दूसरे दिवस ही मौके पर रवाना कर दिया और देर शाम तक सीमांकन कार्य जारी था। इस दौरान पूरे गांव में कड़ा बंद रखा गया था और इस कार्यवाही में ग्राम पंचायत के सरपंच राजूलाल यादव सहित सभी पदाधिकारी, राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार झरना राजपूत, राजस्व निरीक्षक वीरेन्द्र तिवारी एवं यशवन्त साहू, पटवारीगणों में अजयसिंह राणा, नीरज द्विवेदी, ममता कंवर सहित तुमड़ीबोड़ थाना से तीन स्टॉफ शामिल हैं।

> ग्राम दीवानझिटिया से प्राप्त आवेदन के आधार पर सीमांकन कार्य के लिए आरआई व पटवारियों की टीम गठित की गई थी और सीमांकन कार्य आज प्रातः से प्रारंभ है जो कि लगातार जारी है, अभी सीमांकन करने पर काफी अतिक्रमण पाया गया है, सीमांकन कार्य पूर्ण होने के पश्चात ग्रामीणों सहित सभी को अवगत करा दिया जावेगा
>
> **झरना राजपूत, नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

# कबड्डी बालक वर्ग में खैरागढ़ व बालिका वर्ग में साल्हेवारा ने अपना परचम लहराया

**प्रतियोगिता में 12 खंड के 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया**



डोंगरगढ़(दावा)। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के द्वारा आयोजित खेलकूद कार्यक्रम का समापन स्थानीय लोधी भवन में हुआ। कार्यक्रम में 12 खंड से ढ़ाई सौ प्रतिभागी बच्चों ने हिस्सा लिया। कबड्डी बालक वर्ग में प्रथम स्थान खैरागढ़ को तथा बालिका वर्ग में साल्हेवारा को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम ने मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पूजन अर्चन कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाग खेल प्रभारी कोमल सिंह राजपूत ने की।

विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, कार्यालय प्रभारी अमर ललवानी, अंचल के जिलाध्यक्ष विनीत यादव, खंड संचालक जागेश्वर लाल निषाद, समाजसेवी जैन मेश्राम, सावन अग्रवाल, अमन ब्रज नामदेव मौजूद थे। 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में साल्हेवारा के देवेश यादव प्रथम तथा बालिका वर्ग में मानपुर की लतेश्वरी प्रथम स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में खैरागढ़ के टीनू आनंद प्रथम तथा बालिका वर्ग में खड़गांव की रानी प्रथम स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में खैरागढ़ के टीनू आनंद ने बाजी मारी तथा बालिका वर्ग में मानपुर की कामिनी विजयी रही। लंबी कूद के बालक वर्ग में खड़गांव के डोमेश्वर तथा बालिका वर्ग में मानपुर की भारती प्रथम स्थान पर रही।

# एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच ने स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण पर दी जानकारी



डोंगरगढ़(दावा)। कल 18 नवम्बर को ग्राम पंचायत भगवानटोला में एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला में सभी बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। बच्चों में होने वाले आम स्वास्थ्य सम्बन्धी तकलीफों के लक्षण, कारण, सावधानी एवं इनसे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक जीर्ण बीमारियों के बारे जानकारी प्रदान एसबीआई संजीवनी टीम के द्वारा दी गई।

साथ ही आज के आधुनिकीकरण के समय में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पृथ्वी के चारों ओर स्थित ओजोन परत को जो क्षति हो रही है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग या वातावरण में उपस्थित गैसेस में ऑक्सीजन का स्तर गिर रहा है, के बारे में बताते हुए वृक्षारोपण पर विशेष जोर दिया 7 इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉक्टर इश्वर यादव , फार्मासिस्ट मनोज कश्यप, लैब तकनीशियन आशीष साहू , स्टाफ नर्स दीपिका जोशी पायलट लिखिल सहारे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई 7 अंत में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगवान् टोला के प्रधान पाठक तीर्थ सिन्हा एवं शासकीय प्राथमिक शाला भगवान् टोला प्रधान पाठक संतोष सिंह चक्रवर्ती तथा सहायक शिक्षक लुकेश कुमार चंद्रवंशी, हेमंत कौशिक ने एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के इस विशेष सहयोग की अत्यंत प्रशंसा की।

# जनजातीय गौरव पर आयोजित जिला स्तरीय रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता में पंकज एवं सुषमा ने पाया प्रथम स्थान



हरदी (दावा)। भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर बालोद में जिला स्तरीय रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के पंकज यादव कक्षा 12वीं एवं सुषमा सुधाकर कक्षा दसवीं की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य आरके देवांगन और समस्त शाला परिवार ने प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षक व्याख्याता अजय पाठक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, पीटीआई रीना बोरकर, लाइब्रेरियन भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश कुमार रावटे, मुख्य लेखपाल चंद्र प्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, एसके नेताम, बिन्दु साहू एवं कुंदन यादव उपस्थित थे।

# ग्राम रींवागहन में उधारी के पैसे के लेन-देन को लेकर मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी धनेश्वर वर्मा निवासी ग्राम रीवा गहन ने पुलिस को बताया कि वह खेती किसानी करता है। जगन्नाथ वर्मा ग्राम रीवा गहन में किराना दुकान चलाता है।जिससे मैं उधारी समान लिया था।इस कारण जगन्नाथ वर्मा मेरा उधारी पैसा कब देगा कहकर वाद विवाद कर रहा था। तब मैं उसे बताया कि धान बेचकर तेरा उधारी पैसा दे दूंगा। तभी वह मुझे मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देते हुये तुझे तो जान से मारकर खतम कर दूंगा कहकर बांस के डण्डा से मेरे सिर में मार दिया। जिससे मुझे चोंट आई है। जिसका ईलाज सरकारी अस्पताल डोंगरगढ़ में कराया हूं। ईलाज कराने के कारण रिपोर्ट लिखाने नहीं आ सका। इसलिए आज रिपोर्ट लिखाने आया हूं। जगन्नाथ वर्मा मुझे मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दी।

# पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ







○ प्रतियोगिता के पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबले
○ खेल भावना, अनुशासन एवं एकता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अभियंता ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

दुर्ग (दावा)। केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में सेक्टर-09 हॉस्पिटल के पास स्थित फुटबॉल मैदान में किया जा रहा है। दिनांक 20 से 22 नवंबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कपनीज के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रीजन की दस टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर के मुख्य आतिथ्य में माता सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि की आसंदी को सुशोभित करते हुए श्री जामुलकर ने कहा कि कंपनी द्वारा ऐसे आयोजन का उद्देश्य है कि कर्मचारी खेल के माध्यम से अपना तनाव दूर करें और नई ताजगी के साथ अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि फुटबॉल का खेल हमें सिखाता है कि कैसे मेहनत, एकजुटता एवं अनुशासन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य अभियंता ने कहा कि खेल एक यात्रा जो हर कदम पर आपको नया सीखने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के सचिव अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के.मेश्राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मैदान में उतरने वाले सभी खिलाड़ी विशेष होते हैं, कोई दिल जीतता है, कोई ट्रॉफी और कोई आत्मविश्वास इसलिए मैदान में उतरने वाला हर खिलाड़ी विजेता है। खेल मैदान में हार-जीत की भावना से बढ़कर खेलभावना होना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में मुख्य अभियंता (सी एंड टीएम) के.के.भगत, प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रुप में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता कोरबा पूर्व एल.एल.सूर्यवंशी, अधीक्षण अभियंता एस.मनोज, ए.के.लखेरा, तरुण ठाकुर, अधीक्षण अभियंता सीएसपीटीसीएल एस.के.भूआर्य, डीजीएम (एफएंडए) वाय. कोसरिया मंचासीन थे। इसके साथ ही सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के समस्त कार्यपालन अभिंयता, सहायक अभियंता सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी डी.के.डूम्भरे द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तरीय इस विद्युत प्रतिस्पर्धा में दस टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, अंबिकापुर, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, राजनांदगांव क्षेत्र, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं मैनेजरों ने खेल भावना से खेल प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। दुर्ग क्षेत्र में इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 से 22 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का समापन दिनांक 22 जनवरी को शाम 03 बजे सेक्टर-9 हॉस्पिटल के पास स्थित फुटबॉल मैदान, भिलाई में किया जाएगा।

### आज के मैच का परिणाम

प्रतियोगिता के पहले दिन हुए लीग मैच में प्रथम मैच दुर्ग रीजन एवं रायपुर सेंट्रल रीजन के बीच हुआ जिसमें रायपुर सेंट्रल 3-0 से विजयी रहा। दूसरे मैच में मढ़वा रीजन ने बिलासपुर रीजन को पराजित कर 1-0 से मैच अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच कोरबा पश्चिम एवं जगदलपुर के बीच 0-0 से ड्रा हो गया। चौथा मैच रायपुर रीजन एवं अंबिकापुर रीजन के बीच 01-01 गोल से ड्रा रहा। बिलासपुर एवं कोरबा पूर्व के बीच हुए मैच में बिलासपुर 2-0 से विजयी रहा। रायपुर सेंट्रल और जगदलपुर के बीच मैच तथा रायपुर रीजन एवं कोरबा पूर्व के बीच मैच 0-0 से ड्रा हो गया।

# पहला कॉलम...

## भारत के शहरी क्षेत्रों में बढ़ा रोजगार

नई दिल्ली। भारत के शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जुलाई-सितंबर 2024 में बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गई है, जो कि जुलाई-सितंबर 2023 में 49.3 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए डेटा में दी गई। बढ़ती हुई श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) दिखाती है कि देश में रोजगार बढ़ रहा है। लिंग आधार पर देखें तो शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए एलएफपीआर जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान 73.8 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई-सितंबर 2024 के दौरान 75.0 प्रतिशत हो गया। वहीं, शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक की महिलाओं में एलएफपीआर जुलाई-सितंबर 2024 में बढ़कर 25.5 प्रतिशत हो गया है, जो कि जुलाई-सितंबर 2023 में 24 प्रतिशत था। श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), जिसे शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच जनसंख्या में नियुक्त व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है, जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान 46.0 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई-सितंबर 2024 में 47.2 प्रतिशत हो गया है, जो रोजगार में वृद्धि का एक और संकेत है। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए डब्ल्यूपीआर जुलाई-सितंबर 2023 में 69.4 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई-सितंबर 2024 के दौरान 70.7 प्रतिशत हो गया है।

## ओडिशा के नुआपाड़ा में तेंदुए को पकाकर खाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नुआपाड़ा। ओडिशा के नुआपाड़ा जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक तेंदुए का शिकार किया गया है और फिर उसे पकाकर खाया गया है। इस मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है और तेंदुए का सिर बरामद कर लिया गया है।

नुआपाड़ा जिले में वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देवधरा गांव के पास जंगल में जंगली सुअरों का शिकार करने के लिए लगाए गए जाल में एक तेंदुआ फंस गया था। आरोप है कि पुस्तम चिंदा (58) और हृषिकेश चिंदा (40) ने तेंदुए को मारकर उसकी खाल उतार ली और मांस पकाकर खा लिया। वन विभाग के अनुसार, यह घटना 16 नवंबर की है। गुप्त सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने आरोपियों के ठिकानों पर छापा मारा, जिसमें तेंदुए की खाल, सिर और पका हुआ मांस बरामद किया गया। हालांकि, उनके दो साथी मौके से भागने में सफल रहे। खरियार फॉरेस्ट डिवीजन के सहायक वन संरक्षक एम.डी मुस्तफा सालेहा ने कहा कि जांच जारी है और पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। फरार आरोपियों की तलाश में विशेष टीमें जुटी हैं। वन विभाग ने स्थानीय समुदायों से अपील की है कि वे वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करें और इस तरह की घटनाओं की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें।

## पाकिस्तान सेना की चौकी पर आत्मघाती हमला, 17 सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बुधवार को एक बड़ा आत्मघाती हमला हुआ। आतंकवादियों ने बुधवार को दोपहर 2 बजे के उत्तर-पश्चिम में एक चौकी को निशाना बनाया। आतंकवादियों द्वारा किए गए इस आत्मघाती हमले में 17 सैनिकों की मौत हो गई।

पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आतंकवादियों ने उत्तरी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चौकी में विस्फोटकों से लदे वाहन को अंदर घुसा दिया। इसके बाद एक बड़ा धमाका हुआ। इस हमले में 17 सैनिकों की मौत हो गई है और कुछ अन्य घायल हैं।

## डब्लूयडब्लूयई की पूर्व सीईओ बनेंगी अमेरिका की शिक्षा मंत्री

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद कई बड़े पदों पर अपने कैबिनेट के साथियों का चुनाव कर रहे हैं। इसी बीच उन्होंने पूर्व डब्लूयडब्लूयई (वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट) की सीईओ और पेशेवर रेस्लर लिंडा मैकमोहन को शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि वो पहले भी ट्रंप सरकार का हिस्सा रह चुकीं हैं। मैकमोहन ने साल 2017 से लेकर 2019 तक ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान लघु व्यवसाय प्रशासन का नेतृत्व किया था। वह दो बार अमेरिकी सीनेट के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार भी रह चुकीं हैं। हालांकि, वो दोनों बाद चुनाव में असफल रहीं। वो डब्लूयडब्लूयई के संस्थापक विंस मैकमोहन की पत्नी हैं। ट्रम्प ने उनकी प्रतिबद्धता पर विश्वास जताया है। ट्रंप ने कहा है कि वह देश भर में सार्वभौमिक स्कूल विकल्प को बढ़ावा देने के लिए जबरदस्त काम करेंगी। साल 2009 में लिंडा मैकमोहन ने कनेक्टिकट बोर्ड ऑफ एजुकेशन में एक वर्ष तक काम किया। हाल ही में ट्रंप ने अपने अभियान की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट को प्रेस सचिव चुना है। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि लेविट स्मार्ट, सख्त और एक बेहद प्रभावी संचारक साबित हुई हैं।

# भारत की शेरनियों ने चीन को हराया, 1-0 से जीता फाइनल; दीपिका ने टीम इंडिया के दागा एक गोल



नालंदा (राजगीर)। एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉपी के फाइनल मैच में भारत की शेरनियों ने विश्व की छह नंबर की टीम चीन को हरा दिया है। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई। भारत ने 1-0 से मैच अपने नाम कर दिया। इसके बाद स्टेडियम में दर्शक खुशी से झूम उठे। पूरा देश आज भारत की बेटियों की इस जीत का जश्न मना रहा है।

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर के राज्य खेल अकादमी में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बिहार में पहली बार आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है, जो पूरे देश के लिये गौरव की बात है। इस चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारतीय महिला हॉकी टीम ने पूरी एकजुटता और अनुशासन के साथ खेलते हुये इस चैंपियनशिप में भाग ले रही सभी टीमों- मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन और थाईलैंड को पराजित किया है।

### भारत और चीन के बीच कांटे की टक्कर हुई

फाइनल में भारत और चीन के बीच कांटे की टक्कर हुई। पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर कई हमले किये। हालांकि, कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो पायी। हाफ टाईम तक दोनों टीमें 0-0 के स्कोर पर थी। तीसरा क्वार्टर शुरू होने के 30 सेकंड के अंदर ही भारत को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। दीपिका ने फौरन इसे गोल में बदल लिया। भारतीय टीम ने एक गोल बढ़त बना ली। चौथे क्वार्टर में चीनी खिलाड़ियों की गलती से भारत को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला। दीपिका के शॉट को चीनी गोलकीपर ने रोककर दर्शकों को थोड़ा मायूस जरूर किया। इसके बाद चीनी खिलाड़ियों ने आक्रामक रूख अपनाया। लेकिन, भारतीय शेरनियों के सामने चीन की एक न चली। इसके बाद भारत ने अपना फाइनल मैच अपने नाम कर लिया। दीपिका ने टीम इंडिया के लिए एकमात्र गोल दागा। इस तरह दीपिका का व्यक्तिगत गोल ब?कर 11 हुआ और टीम इंडिया का गोल बढ़कर 29 हो गया। वहीं टीम इंडिया ने 2016 के इतिहास को फिर से दोहरा दिया।

### केंद्रीय मंत्री और उपमुख्यमंत्री रहे मौजूद

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की मौजूदगी में आयोजित होने वाले समापन समारोह में विजेता टीम को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति समापन समारोह में मौजूद रहे।

# पी चिदंबरम को बड़ी राहत, एयरसेल-मैक्सिस मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज एयरसेल-मैक्सिस मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी नोटिस जारी किया और चिदंबरम की याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें धन शोधन मामले में एजेंसी द्वारा उनके और उनके बेटे कार्ति के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है।

चिदंबरम का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन और वकीलों अर्शदीप सिंह खुराना और अक्षत गुप्ता ने दलील दी कि विशेष न्यायाधीश ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के खिलाफ अभियोजन के लिए किसी मंजूरी के अभाव में धन शोधन के कथित अपराध के लिए आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जो कथित अपराध के समय लोक सेवक थे।

ईडी के वकील ने याचिका की स्वीकार्यता पर शुरुआत में आपत्ति उठाई और कहा कि इस मामले में अभियोजन के लिए मंजूरी की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आरोप चिदंबरम के कार्यों से जुड़े हैं, जिनका उनके आधिकारिक कर्तव्यों से कोई लेना-देना नहीं है। अंतरिम राहत के रूप में चिदंबरम ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की। निचली अदालत ने 27 नवंबर, 2021 को एयरसेल-मैक्सिस मामले में चिदंबरम और कार्ति के खिलाफ सीबीआई और ईडी की ओर से दायर आरोपपत्रों पर संज्ञान लिया और उन्हें बाद की तारीख पर तलब किया।

# भारत से रत्न और आभूषणों का निर्यात अक्टूबर में 9 प्रतिशत से अधिक बढ़ा

नई दिल्ली। भारत से अक्टूबर में रत्न और आभूषणों का कुल सकल निर्यात 25,194 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सालाना आधार पर 9.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह पिछले साल समान अवधि में 22,857.16 करोड़ रुपये था। यह जानकारी जेम्स और ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) द्वारा सोमवार को दी गई।

अक्टूबर में रत्न एवं आभूषणों का कुल आयात 12,489.33 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 14,496.03 करोड़ रुपये की तुलना में 14.65 प्रतिशत कम है।

कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा, लंबे समय तक सुस्ती के बाद कुल रत्न और आभूषण निर्यात में वृद्धि उद्योग के लिए बड़ी राहत है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव अभी भी भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि संघर्षरत देशों के बीच समझौता हो जाएगा और सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। इसके अलावा अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में चुनाव पहले ही संपन्न हो चुके हैं, इसलिए मजबूत खरीदारी संटीमेंट से मांग में कुछ तेजी आने की उम्मीद है, जिसे हॉलिडे सीजन से समर्थन मिलेगा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारतीय आभूषण व्यापारी और निर्माता सावधानी से कदम उठा रहे हैं और मौजूदा स्टॉक को खाली करने के लिए अधिक इच्छुक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आगामी वेडिंग सीजन के साथ-साथ पश्चिम में छुट्टियों का मौसम भी मांग को बढ़ाएगा और इस कारण से हमें लगता है कि आयात और निर्यात दोनों में वृद्धि होगी।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25: पहले टेस्ट में खेलेंगे रविचंद्रन अश्विन?

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा।ऐसी उम्मीद है कि इस मैदान पर भारतीय टीम सिर्फ एक स्पिन विकल्प के साथ उतरेगी। इस बीच खबर है कि रविचंद्रन अश्विन को पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में मौका मिलेगा। ऐसे में रविंद्र जडेजा पर्थ टेस्ट में बेंच पर नजर आ सकते हैं।आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी के रूप में 3 बाएं हाथ के बल्लेबाज मौजूद हैं।इस दिग्गज भारतीय स्पिनर का बाएं हाथ के बल्लेबाज के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन रहा है और इसको ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन उनको मौका देने के पक्ष में हैं।अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में 19.68 की औसत से 268 विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए हैं।



कई खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नितीश कुमार रेड्डी अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले हैं। वह बतौर तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर खेलते हुए नजर आएंगे।उन्होंने अब तक 23 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 21.05 की औसत के साथ 779 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं।दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 26.98 की औसत के साथ 56 विकेट अपने नाम किए हैं।

ऐसी उम्मीद है कि भारतीय टीम 3 प्रमुख तेज गेंदबाजों के साथ पहले टेस्ट में उतरने वाली है।जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। वह रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी भी करेंगे।उनके अलावा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं।ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन अन्य किन तेज गेंदबाजों को मौका देती है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में केएल राहुल का खराब प्रदर्शन रहा था। रोहित और शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में राहुल का खेलना तय है।वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करते हुए नजर आ सकते हैं।उनके अलावा देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल ने भी अपना दावा मजबूत किया है। इन दोनों बल्लेबाजों ने इंडिया-ए की ओर से खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ प्रभावशाली बल्लेबाजी की थी।

संभावित एकादशः केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल/सरफराज खान, रविचंद्रन अश्विन, नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

# लौटारो ने अर्जेंटीना के पांचवें शीर्ष स्कोरर के रूप में माराडोना की बराबरी की

ब्यूनस आयर्स। पेरू के खिलाफ अपने गोल की बदौलत अर्जेंटीना के इतिहास में लौटारो मार्टिनेज ने अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने डिएगो आर्मंडो माराडोना के राष्ट्रीय टीम के साथ 32 गोल की बराबरी कर ली है।



मार्टिनेज, जिनके नाम 31 गोल थे, अर्जेंटीना के इतिहास में शीर्ष स्कोरर की रैंकिंग में माराडोना (32) की बराबरी करने से एक गोल दूर थे। इस सूची में लियोनेल मेसी (112) सबसे आगे हैं। मार्टिनेज के दूसरे हाफ में वॉली से किये गए गोल ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना के लिए शीर्ष स्थान को मजबूत किया, क्योंकि लियोनेल मेसी की टीम ने बुधवार (आईएसटी) को पेरू को 1-0 से हराया। मार्टिनेज ने कहा,प्रदर्शन, गोल और खेले गए मैचों के मामले में यह एक शानदार साल रहा। हमें खेलते रहना है और दिन-ब-दिन सुधार करना है। हर कोई हमें हराना चाहता है। अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम हमेशा नायक होती है।कुछ चीजें सुधारने की हैं, लेकिन हमें इसी राह पर चलते रहना है। 27 वर्षीय स्ट्राइकर ने बुधवार को 2024 का अपना 11वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। इसके साथ ही वह अर्जेंटीना के लिए एक कैलेंडर वर्ष में 10 गोल करने वाले केवल तीसरे व्यक्ति बन गए, उनसे पहले गैब्रियल बतिस्तुता (1998 में 12) और मेसी (2012 में 12 और 2022 में 18) ने गोल किए थे। इस जीत से अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जो उरुग्वे से पांच अंक आगे है। पेरू केवल सात अंकों के साथ सबसे निचले स्थान पर है। अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर (डब्ल्यू12 डी6) में पेरू के खिलाफ अपने पिछले 18 मैचों में अपराजित है। यह टूर्नामेंट के इतिहास में किसी एक टीम के खिलाफ एल्बीसेलेस्टे के लिए सबसे अच्छी अपराजित लकीर है।

# विराट कोहली अपने खेलने के तरीके को लेकर जुनूनी हैं : रिकी पोंटिंग

पर्थ। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले, रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कोहली एक महान क्रिकेटर हैं और खेल के प्रति बेहद भावुक हैं। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया में भी उन्हें बहुत सम्मान मिलता है।



पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा, कोहली एक स्टार हैं, एक सुपरस्टार हैं। वह काफी समय से खेल के सुपरस्टार रहे हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति बहुत भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भी बहुत भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और दिल से खेलते हैं। ऐसे ही सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में उत्साह पैदा करते हैं। स्टीव स्मिथ जब इंग्लैंड जाते हैं तो उन्हें स्टेडियम में आते ही लोग सीटी बजाते हैं। ये सब अंतर्राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा है।

हालांकि, इस साल कोहली का टेस्ट मैचों में औसत सिर्फ 22.72 रहा है, जो उनके ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट औसत 54.08 और करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में कई शानदार शतक लगाने के बाद, उम्मीद है कि वह आगामी 5 मैचों की सीरीज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार संभालेंगे। उन्होंने कहा, मैंने देखा था कि रवि शास्त्री ने पिछली बार एक ऐसे इंसान के बारे में बात की थी जो ऑस्ट्रेलिया में सभी गेंदों का सामना करना चाहता था। यही आप अपने लीडर और स्टार खिलाड़ियों से उम्मीद करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जब आप विदेश जाते हैं और जानते हैं कि पूरा देश आपके खिलाफ है और मीडिया भी आपके खिलाफ है, तो आपको अपने सीनियर खिलाड़ियों को आगे आकर युवा खिलाड़ियों का बचाव करना होता है।

# प्रथम पेज का शेष.....

***महाराष्ट्र-झारखंड में किसकी सरकार..***

लेकिन कई सर्वे में अंतर बहुत कम है। लिहाजा वास्तविक नतीजा आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पीपल्स पल्स ने महायुति को 175-195 तो एमवीए को 85-112 सीटों का अनुमान जताया है। मैट्रिज ने महायुति को 150-170 तो एमवीए को 110-130 और पीमार्क ने राजग को 137-157 व एमवीए को 126-146 सीटों का अनुमान जताया है।

वहीं, दैनिक भास्कर और लोकशाही मराठी-रुद्र ने कुछ करीबी मुकाबले का संकेत दिया है। भास्कर ने एनडीए को 125-140, आघाड़ी को 135-150, जबकि लोकशाही ने एनडीए को 128-142 तो एमवीए को 125-140 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। हालांकि, एनडीटीवी का पोल आफ पोल्स महायुति को 154 और एमवीए को 122 सीटों का इशारा कर रहा है, जबकि पूर्ण बहुमत के लिए सिर्फ 145 सीटों की आवश्यकता है। यदि यह अनुमान परिणाम में बदलते हैं तो माना जाएगा कि मध्य प्रदेश के शिवराज की तरह महाराष्ट्र की शिंदे सरकार की लाड़की-बहिन योजना का जादू महिला मतदाताओं को आकर्षित कर गया और समीक्षक महाविकास आघाड़ी के दलों के बीच गड़बड़ाए तालमेल पर भी ठीकरा फोड़ सकते हैं।

0 झारखंड का एग्जिट पोल- इसी तरह झारखंड में भी चुनाव पूर्वानुमान आइएनडीआइए ब्लाक की नींद उड़ाने वाले हैं। इस राज्य में सत्ता की वापसी को लेकर झामुमो और कांग्रेस आशान्वित थी तो भाजपा ने भी पूरी ताकत झोंक रखी थी। मगर, एग्जिट पोल हेमंत सरकार की सत्ता डोलती दिखा रहे हैं। 0 क्या थे 2019 के महाराष्ट्र-झारखंड एग्जिट पोल के आंकड़े- इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने शिवसेना और भाजपा के गठबंधन राजग को 166 से 194 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। कांग्रेस और राकांपा के गठबंधन संप्रग को 72 से 90 सीटें मिलने की उम्मीद जताई थी। एबीपी न्यूज-सी वोटर ने राजग को 204 और संप्रग को 69 सीटें मिलने का अनुमान लगाया था। न्यूज 18-आइपीएसओएस ने अपने एक्जिट पोल में राजग को 243 और संप्रग को 41 सीटें दी थीं। रिपब्लिक-जन की बात ने राजग को 216 से 230 और संप्रग को 52 से 59 सीटों का पूर्वानुमान लगाया था। टाइम्स नाउ ने 2019 के एक्जिट पोल में राजग को 230 और संप्रग को 48 सीटें दी थीं। झारखंड में एबीपी न्यूज-सी वोटर ने अपने एग्जिट पोल में संप्रग को 35 और भाजपा को 32 सीटें दी थीं। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने संप्रग को 43 और भाजपा को 27 सीटों का अनुमान लगाया था। टाइम्स नाउ ने बताया था कि संप्रग को 44 और भाजपा को 28 सीटें मिल सकती हैं।

***झारखंड में 67.59 और महाराष्ट्र में ...***

मतदान केंद्रों पर 1,64,996 बैलेट यूनिट, 1,19,439 कंट्रोल यूनिट और 128531 वीवीपैट मशीनें लगी हुई थी। विधानसभा की सभी सीटों पर महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच सीधा मुकाबला रहा। वहीं वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए), बहुजन समाज पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन और अन्य छोटी पार्टियों ने भी दोनों मोर्चों के सामने चुनौती खड़ी की। हिंसा की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर आमतौर पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। आयोग ने बताया कि राज्य में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतदान कराने के लिए हरसंभव प्रयास किये गये थे। मतदान के दौरान नासिक जिले के नांदगांव निर्वाचन क्षेत्र में शिवसेना (शिंदे गुट) के उम्मीदवार सुहास कांडे और निर्दलीय उम्मीदवार समीर भुजबल के समर्थकों के बीच झड़प हो गयी।

निर्दलीय उम्मीदवार की मौत- इस बीच एक दुखद घटना भी सामने आयी, जिसमें बीड विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय उम्मीदवार बालासाहेब शिंदे की मतदान केंद्र पर दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। यह घटना तब हुई जब वह बीड शहर के छत्रपति शाहू विद्यालय में मतदान केंद्र पर रुके थे। श्री शिंदे अचानक गिर पड़े। उन्हें छत्रपति संभाजीनगर के नाना अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

महाराष्ट्र की नांदेड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में कुल 53.78 प्रतिशत मतदान हुआ। यह लोकसभा सीट कांग्रेस के सांसद वसंतराव बलवंत राव चव्हाण के निधन के बाद रिक्त हुई थी। इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार एवं श्री चव्हाण के पुत्र रवींद्र वसंतराव चव्हाण चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ चार राज्यों की 15 विधानसभा और नांदेड़ लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव की वोटिंग खत्म हो गई। इन चुनावों का परिणाम 23 नवंबर को आएगा। लखनऊ से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीटों पर बुधवार को 49.3 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच सुबह सात बजे शुरु हुआ और पांच बजे सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान आमतौर पर संपन्न हो गया। कानपुर के सीसामऊ, मुजफ्फरनगर की मीरापुर और मुरादाबाद की कुंदरकी क्षेत्र में गड़बड़ी फैलाने के प्रयास की इक्का दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आयोग के संज्ञान में आया था कि कुछ मतदान केंद्रों पर पुलिस वाले मतदाताओं के पहचान पत्र चेक कर रहे हैं जो सही नहीं है। इस बारे में प्रथम दृष्ट्या जांच के उपरांत कानपुर और मुजफ्फरनगर में दो-दो और मुरादाबाद में एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतदानकर्मी सभी मतदाताओं की आईडी चेक करेंगे। इस बारे में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है। पुलिस आईडी चेक नहीं करेगी। पुलिस का काम पोलिंग बूथ की सुरक्षा करना है और अगर आगे भी ऐसी कोई शिकायत मिलेगी तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। उपचुनाव में आज कुल 90 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो जायेगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी और उसी दिन सभी परिणाम सामने आने की संभावना है। सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र से हैं, जबकि सबसे कम 5-5 उम्मीदवार खैर (सुरक्षित) और सीसामऊ सीट पर हैं। पिछले विधानसभा चुनाव (2022) में, सपा ने सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा ने फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां और खैर सीटों पर कब्जा जमाया था। मीरापुर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का कब्जा था, जो अब भाजपा का सहयोगी दल बन चुका है। वही ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने गाजियाबाद, कुंदरकी और मीरापुर सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने सीसामऊ को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं।

इस उपचुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच है। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली चुनावी लड़ाई है, जिसमें कांग्रेस ने खुद को बाहर रखा है और समाजवादी पार्टी (सपा) का समर्थन किया है। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सभी नौ सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारते हुए अकेले चुनावी मैदान में है। उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों (जिला चुनाव अधिकारियों) और रिटर्निंग अधिकारियों के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने चुनाव प्रक्रिया के सुचारू प्रबंधन और पूर्ण निगरानी को सुनिश्चित किया। उन्होंने पोलिंग स्टेशनों पर सुरक्षित माहौल बनाए रखने और चुनाव प्रबंधन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पंजाब पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, पोलिंग अधिकारियों, वालंटियर्स और चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी व्यक्तियों समेत पूरे चुनाव अमले की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की।

***मोदी सरकार ने रद किए 6 करोड़..***

सुरक्षा अधिनियम के तहत देश के किसी भी हिस्से में सभी 80.6 करोड़ लाभार्थियों को उसी मौजूदा राशन कार्ड द्वारा निः शुल्क खाद्यान्न मिल सकता है। चाहे उनके राशन कार्ड किसी भी राज्य या जिले में जारी हुए हों। आधार से संबद्ध होने के चलते पारदर्शी व्यवस्था है।

***महाराष्ट्र बिटकॉइन मामलाः...***

कि उन्होंने भोले-भाले लोगों से बिटकॉइन के रूप में बड़ी रकम (2017 में छह हजार 600 करोड़ रुपये) इकट्ठा की और बिटकॉइन के रूप में 10 प्रतिशत प्रति माह रिटर्न का झूठा वादा किया। यह मामला महाराष्ट्र और दिल्ली में दर्ज पुलिस एफआईआर से जुड़ा है।

# कांग्रेस की हताशा ने ली सस्ती राजनीति का रूप : दीपक चौहान



**चौहान ने डॉ. रमन सिंह का पुतला दहन करने पर कांग्रेस को घेरा**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेता और पूर्व पार्षद दीपक चौहान ने कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मुद्दा-विहीन कांग्रेस सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए पुतला दहन और चक्का जाम जैसे नाटक कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की निराशा और असफलता का प्रतीक है।

श्री चौहान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव के वर्तमान विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल में प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके कार्यकाल में सड़कों, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ, जो किसी से छिपा नहीं है। इसके विपरीत, भूपेश सरकार ने सत्ता में रहते हुए प्रदेश की जनता को केवल लूटा और हर क्षेत्र में विफल रही।

### कांग्रेस अध्यक्ष पर साधा निशाना

दीपक चौहान ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस जनता को गुमराह करने और झूठी राजनीति करने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता विकास पर चर्चा करने के बजाय सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का पुतला जलाने जैसी घटनाओं में शामिल हो रहे हैं।

चौहान ने कहा कि भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास कर रही है। महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और किसान सभी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। कांग्रेस इन उपलब्धियों से बौखलाई हुई है, लेकिन जनता इन नकारात्मक राजनीति का जवाब आगामी चुनाव में जरूर देगी। दीपक चौहान ने कहा कि इस तरह की हरकतें कांग्रेस की हताशा और हार का प्रतीक हैं, और आने वाले चुनावों में इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा।

## दीपक बंसल की माताजी शांति देवी ने किया नेत्रदान

दुर्ग (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित दवा व्यवसाई एवं लोगों को नेत्रदान हेतु प्रेरित करने वाले नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य दीपक बंसल ने अपनी माताजी श्रीमती शांति देवी अग्रवाल (बंसल) के निधन के बाद उनके नेत्रदान कर समाज को सकारात्मक राह दिखाई एवं दो परिवारों को नई ज्योति प्रदान की।

# सिन्हा समाज ने दीपावली मिलन समारोह में युवाओं का किया सम्मान



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को स्थानीय सिन्हा सामुदायिक भवन प्रागंण में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शासकीय सेवा में चयनित समाज के युवक युवतियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की आराध्य देवी माता बहादुर कलारिन तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पूजन से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा उपस्थित थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा ने की। बतौर विशेष अतिथि जिला निवार्चन अधिकारी चंद्रिका सिन्हा रायपुर, पूर्व जिला संरक्षक गंगाप्रसाद सिन्हा, जिला महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, पूर्व नपं अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मनोज सिन्हा, रायपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष भूषण सिन्हा सहित समस्त तहसीलों के मंडलेश्वरगण उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यअतिथि दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान होता है, इसलिए सभी समाज में शिक्षा को विशेष महत्व देते हुए अपने बच्चों को उच्च से उच्चतर शिक्षा दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक रूप से अनेक प्रकार की गतिविधियां समाज में चलते रहती है, लेकिन अब समय आ गया है कि समाज रचनात्मक, राजनीतिक तथा नये कार्यों की ओर भी अग्रसर हो।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से समाज के कार्यों में पिछले कुछ वर्षों में अनेक बदलाव हुए हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है। उन्होंनें प्रदेश द्वारा विगत दिनों घोषित पुलिस सेवा के परिणाम में सब इंस्पेक्टर पद सहित अन्य शासकीय पदों पर चयनित युवाओं को पूरे समाज की ओर बधाई देते हुए कहा कि वे समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनें, ऐसा प्रयास करें। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा व पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा ने अपने उद्बोधन में सभी को दीपपर्व की बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य, सुखमय और समृद्ध जीवन की कामना की। समारोह के द्वितीय चरण में आगामी जिला चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों सहित आम स्वजातियों ने भी हिस्सा लिया। सभा में जिले के तीन स्थानों पर माता बहादुर कलारिन का मंदिर तथा मूर्ति स्थापना हेतु जिला कोष से 51 - 51 हजार रू. देने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवजी सिन्हा ने तथा आभार पूर्व जिला महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष हरिचंद सिन्हा, मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, भागवतराम सिन्हा, गजरू सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, उत्तम सिन्हा, मनोज सिन्हा, लक्ष्मण डड़सेना, राधेलाल सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, रमेश सोनवानी, हरप्रसाद सिन्हा, संजय सिन्हा, शिवकुमार डड़सेना, बहादुर सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, अनिता सिन्हा, गोविन्द सिन्हा, सुकदेव सिन्हा, ऐशुलाल सिन्हा, हीरालाल सिन्हा, सुमन सागर सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, राम्हूराम सिन्हा, डीआर सिन्हा, मोहन सिन्हा, बंशीलाल सिन्हा, थनवार सिन्हा, पवन सिन्हा, बीएल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में स्वजातिय उपस्थित थे।

निम्न युवाओं का किया गया सम्मान

सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा में चयनित समाज के अनेक युवक युवतियों को पूरे समाज की ओर से सम्मान किया गया। इनमें कु. दीपशिखा सिन्हा आ. श्री मनोज सिन्हा चिखली राजनांदगांव, कु. कंचन सिन्हा आ. सुरेश सिन्हा राजनांदगांव, मनीष सिन्हा आ. चंद्रभूषण सिन्हा खैरझिटी, खेमलाल सिन्हा आ. सादीराम सिन्हा ठेलकाडीह, मुकेश सिन्हा आ. शत्रुघन सिन्हा खैरझिटी तथा एयरफोर्स में चयनित नगर के होनहार स्वर्णिम सिन्हा आ. प्रेमलाल सिन्हा का प्रशस्ति पत्र, शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया।

# दिग्विजय में विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सहकारी संघ के द्वारा 71वें भारतीय सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत श्विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन दिनांक 18 नवंबर को संस्था की प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर एस.के.ऊके के निर्देशन में किया गया।

उपरोक्त व्याख्यान में मुख्य अतिथि पी.एस.लोन्हारे, उप आयुक्तए सहकारिता विभाग छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य वक्ता अम्लेन्दू हाजरा वरिष्ठ अधिवक्ता राजनांदगांव, एन. कुमार साहू प्रभारी प्रबंधक, जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.ऊके. के द्वारा करते हुए, सहकारिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया, एवं विकसित भारत में सहकारिता की भूमिका से हम सभी को अवगत कराया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.किरण लता दामले ने अपने स्वागत उद्बोधन मे सहकारिता सप्ताह के जागरूकता विषय पर जानकारी प्रदान करते हुए समूह के द्वारा कार्य करने पर प्राप्त होने वाली सफलता के बारे मे विद्यार्थियों को बताया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता अमलेंदु हाजरा सर के द्वारा सहकारिता विषय पर अपने विचार व्यक्त किये तथा समूह में कार्य करने की महत्ता का वर्णन किया गयाएश्री हाजरा जी द्वारा प्रश्नोंके माध्यम से विद्यार्थियों को अनेक ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई एवं बच्चों द्वारा प्रश्नों के उत्तर देने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस प्रकार से हाजरा जी द्वारा बडे ही रोचकता पूर्ण प्रश्नों के माध्यम से सहकारिता के महत्व से हम सभी को अवगत कराया। मुख्य अतिथि पी.एस.लोन्हारे आयुक्त, सहकारिता विभाग द्वारा अपने वक्तव्य मे सहकारिता संगठन के महत्व को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि संगठित होकर कार्य करने से रोजगार को प्राप्त कर सकते हैं और अन्य व्यक्तियों को रोजगार मुहैया करा सकते हैं साथ ही सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं से संबंधित सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एन.कुमार साहू प्रभारी प्रबंधक, सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव द्वारा किया गया। श्री साहू जी ने सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूती प्रदान करने हेतु सहकारिता विभाग के योगदान का वर्णन किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापको एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष व्याख्यान में मंच संचालन प्रोफेसर रागिनी के द्वारा किया गया। उपरोक्त व्याख्यान में वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक प्रोफेसर स्वयं सिद्ध झा, कुमारी तरुणा वर्मा, डॉ.प्रज्ञा मिश्रा, पूजा कुमारी, डॉ सूरज पटेल, डॉ.देवहूति बछोर एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# अनुसंधान केंद्र सुरगी में जैम, केचप, स्क्वेश, मुरब्बा एवं चटनी बनाना सिखाया



हरदी (दावा)। पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव ग्राम धामनसरा में 18 नवंबर को अधिष्ठाता डॉ.जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन में एवं महाविद्यालय के अध्यापक डॉ.अभय बिसेन, डॉ.शिवाजी लिमजे की उपस्थिति में ग्रामीण कृषि कार्य के अंतर्गत सूचना केंद्र में चतुर्थ वर्ष के रावे के छात्रों द्वारा गांव के किसानों को मिलकर जैम, केचप, स्क्वेश, मुरब्बा एवं चटनी बनाना सिखाया जैम को बनाने के लिए आवश्यक सामग्रीः- (1)500 ग्राम कटा हुआ सेब (2)250 ग्राम चीनी (3)1 चम्मच (सैट्रिक एसिड) (4) आवश्यकतानुसार लाल (फूड कलर) खाने का कलर

### जैम बनाने की विधिः-

618 सबसे पहले सेब को अच्छे से धोकर साफ कपड़े से पोछ लें और इसे छील लें।

628 इसके बाद सेब के बीज निकाल कर गूदे को छोटे-छोटे टुकड़े में काट लें।

638 अब आप किसी भारे तले के बर्तन में सेब के टुकड़े और पानी डालिए और ढककर उबालने के लिए रख दिजिए। 648 जब इसमें उबाल आ जाए तो गैस को धीमी आंच पर कर दें और तब तक उबलने दें जब तक सेब के टुकड़े नरम न हो जाएं।

658 सेब के टुकडे नरम होने के बाद मैस करने वाले चम्मच से सेब को अच्छी तरह मैस कीजिए।

668 मैस करने के बाद सेब में चीनी डालें और चम्मच से अच्छी तरह मिला लें।

जैम को पकने दीजिए और मैस करने की जरूरत हो तो अभी जैम को मैस कर सकते हैं।

678 थोड़ी थोड़ी देर में चम्मच से जैम को हिलाते रहें ताकि तले में न जमा हो जाए।

688 पकने के बाद गैस बंद कर दें।

जब सेब का जैम ठंडा हो जाए तो उसे एक कांच के जार में भर कर रख लें। और इन सभी खाद्य एवं पेय पदार्थो को चतुर्थ वर्ष छात्र कुशल जोशी, हर्षिता, डोमेश्वर, दीक्षा, लेमप्रीती, करीना, जीवन, कनक, ईशा, जय, कन्हाई, हनी, जागेश्वर, लोमश सभी ने मिलकर बनाया और उन्हें सिखाया।

# आम निर्वाचन 2024 : मतदाता सूची हेतु दावा-आपत्ति 25 तक



**कलेक्टर ने ली समय अनुसूची के संबंध में राजनीतिक दलों की ली बैठक**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचक अधिकारी संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगर पालिक निगम राजनांदगांव आम निर्वाचन 2024 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नगर पालिक निगम राजनांदगांव की मतदाता सूची की प्रति दी। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश अनुसार नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 के लिए समय अनुसूची (कार्यक्रम) के संबंध में जानकारी दी।

कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन एवं दावा-आपत्ति 18 नवम्बर 2024 से प्राप्त किया जाएगा। दावा-आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की व्यवस्था सभी 51 वार्डों में की गई है। प्रारूप क-1 में आवेदन प्राप्त करने का स्थान तहसील कार्यालय राजनांदगांव में किया गया है। दावा-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 28 नवम्बर 2024 है। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 2 दिसम्बर 2024 है। प्रारूप क-1 में दावा-आपत्ति निराकरण करने की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर 2024 है। प्रारूप क-1 में दावा-आपत्ति निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में 7 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु 8 दिसम्बर 2024 को जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 9 दिसम्बर 2024 को संलग्न किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल अपीलीय अधिकारी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार राजनांदगांव को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा नायब तहसीलदार राजनांदगांव श्री गंगाधर राव एवं नायब तहसीलदार श्री राकेश नागवंशी को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी बनाया गया है। प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्डो की संख्या 51, कुल भागों की संख्या 148 है।

कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 30 हजार 184 है। जिसमें पुरूष मतदाता की संख्या 62 हजार 947, महिला मतदाता की संख्या 67 हजार 235 एवं अन्य मतदाता की संख्या 2 है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्राथमिक विद्यालय चौथना एवं चिद्दो में जागरुकता शिविर का आयोजन



**जागरूकता शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवम तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित**

डोंगरगढ़(दावा)। बाल दिवस पर अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुशार एवं तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनीष दुबे के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक विद्यालय चौथना एवं चिद्दो में 14 नवम्बर 2024 को बाल दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

शुरुआत में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि बच्चे ही कल के भविष्य हैं। बच्चों को अवसर मिलने पर कभी भी पीछे नहीं रहना चाहिए। बल्कि अपनी प्रतिभा को उभारना चाहिए। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए बच्चो से अपील किया कि सभी को लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का संकल्प लेकर उसे पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि क़ानूनी रूप से जागरूक होकर अपने आसपास के लोगों को अपराधिक घटनाओं से दूर रहें,ताकि अपराध मुक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश की सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ कोई घटना घटित होती है,तो जहां एक ओर दोषी व्यक्ति को कोर्ट द्वारा सजा दी जाती है,तो दूसरी ओर पीड़ित व्यक्ति को सरकार द्वारा मुआवजा दिए जाने का प्रावधान पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत किया गया है।

0 विषय विशेषज्ञ ने दी बच्चों को विधिक जानकारी

इसके पश्चात बच्चो को किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, दहेज प्रतिषेध, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम अधिनियम, ट्रैफिक नियम सहित अन्य कई कानूनों के बारे में प्रकाश डाला गया। इस शिविर का संचालन शिक्षिका श्रीमती कोमरे शासकीय प्राथमिक विद्यालय चौथना में एवं प्रधान पाठक श्रीमती विद्या साहू शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिद्दो के द्वारा किया गया। इस शिविर में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार समेत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# किसानों के खसरा सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ शीघ्र करें - कलेक्टर



- 0 हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति में कमी पर संबंधित अधिकारी पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई
- 0 अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करें
- 0 महतारी वंदन योजना से सभी पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया जाए

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान खरीदी की व्यापक समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार अपने-अपने अनुविभाग स्तर पर किसानों के खसरा का सत्यापन प्राथमिकता से अभिलंब करें। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे किसान जिन्होंने धान के बदले अन्य फसल लगाया हो, इसकी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराए, जिससे अवैध रूप से धान की खरीदी ना हो पाए। ऐसे किसान जिनके द्वारा धान की फसल नहीं लगाया गया है और धान विक्रय करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। धान खरीदी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अन्य राज्य या सीमावर्ती जिलों से होकर धान परिवहन पर नजर रखने के लिए सीमा पर नियमित जांच की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न शासकीय प्रयोजन के लिए भूमि आवंटन हेतु आए आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शासकीय प्रायोजन के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए भूमि आवंटन कार्य में तेजी लाने निर्देशित किया गया है। स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने कहा गया है। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में प्रगति लाएं।

कलेक्टर ने बैठक में महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से गर्भवती महिलाओं के आंकड़े की जानकारी लेते हुए कहा है कि इन महिलाओं को योजना का लाभ मिले, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने निर्देशित किया गया है। इसके लिए समय-समय पर विशेष शिविर लगाकर लाभान्वित करने कहा गया है। कलेक्टर ने लंबित अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निराकरण करें। ऐसे प्रकरणों में अनावश्यक विलंब करने पर नियमानुसार संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि आम जनता से प्राप्त सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि आम जनता की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे अधिकारी जो आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, ऐसे अधिकारी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

# किसानों के हित में धान खरीदी की अवधि बढ़ाना आवश्यक - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि को 15 फरवरी तक बढ़ाया जाए। वर्तमान में 31 जनवरी तक किसानों का संपूर्ण धान खरीदी संभव नहीं है। क्योंकि प्रतिदिन एक लाख 20 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य सरकार का था लेकिन मात्र 50त्न 62 हजार लगभग धान खरीदी हो पा रही है ऐसे में 47 दिन में 160 लाख मीट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य को सरकार पा ही नहीं सकती है। ऐसे में किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। 14 नवंबर को धान खरीदी प्रारंभ होते ही तीन दिन छुट्टी पड़ गया है और वैसे भी इससे पहले 1 नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ हुआ करता था। ऐसे में 15 फरवरी तक धान खरीदी करना अन्नदाता किसानों के साथ न्याय होगा।

0 सरवर की समस्या और ऑनलाइन टोकन का न बनना एक गंभीर मुद्दा

विष्णु लोधी ने कहा धान खरीदी केंद्रों पर तकनीकी समस्या, जैसे सरवर बैठने और ऑनलाइन टोकन के निर्बाध संचालन में बाधा, किसानों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। ऐसी स्थिति में किसान घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं, जिससे उनका समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। इसी प्रकार टोकन की समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदार अधिकारी संबंधित अधिकारियों को तुरंत मैन्युअल टोकन जारी करने का आदेश देने की मांग की है। यह कदम किसानों की समस्या को काफी हद तक कम करेगा और उनकी मेहनत का उचित मुआवजा सुनिश्चित करेगा। किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देना हमारी जिम्मेदारी है। सरकार को तत्काल प्रभाव से कदम उठाते हुए धान खरीदी की अवधि बढ़ानी चाहिए और मैन्युअल टोकन की व्यवस्था लागू करनी चाहिए, ताकि हमारे अन्नदाता सम्मानपूर्वक अपना धान बेच सकें। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनके सम्मान और आदर्शों को बनाए रखने का हमारा कर्तव्य है।

# रायपुर से सिंगापुर-दुबई के लिए सीधी उड़ान शीघ्र

0 सीएम साय से मुलाकात के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने दी हरी झंडी

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी भवन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। बैठक में राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने और क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विकास के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने पर अपनी सहमति जताई है। इसके साथ ही रायपुर एयरपोर्ट पर कार्गो हब विकसित करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी एवं रायपुर एयरपोर्ट से पटना एवं रांची के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की सहमति मिली है।

### सीएम ने मांगा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा

मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा देने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा की बड़ी संभावनाएं हैं। इस कदम से राज्य के आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा



और वैश्विक स्तर पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय यात्री ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए रायपुर से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ानों की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर यात्री ट्रैफिक काफी अच्छा है, जिससे ये सेवाएं व्यावसायिक रूप से लाभकारी साबित होंगी। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है।

श्री साय ने राज्य में वर्तमान में कोई बड़ा कार्गो सुविधा केंद्र नहीं होने की जानकारी देते हुए रायपुर के एयरपोर्ट को एक केंद्रीय कार्गो हब में विकसित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे कृषि और बागवानी उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए 3सी आईएफ आर कैटेगरी में अपग्रेडेशन का प्रस्ताव भी रखा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इसके लिए रेडियो नेविगेशन सिस्टम डीवीओआर की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का अनुरोध किया है। केन्द्रीय मंत्री ने बिलासपुर एयरपोर्ट पर विमानों की नाईट लैंडिंग में आ रही दिक्कतों को देखते हुए इसे तुरंत शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### अंबिकापुर एयरपोर्ट को बनारस, प्रयागराज से जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री ने अंबिकापुर एयरपोर्ट को रायपुर, वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए नई उड़ानों की शुरुआत की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा क्षेत्र की सांस्कृतिक और खनिज संपदा को देखते हुए नई उड़ान सेवा शुरू करने से लोगों को काफी लाभ होगा, जिस पर भी केन्द्रीय मंत्री ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने जगदलपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट्स पर आरसीएस उड़ानों के लिए वित्तीय सहायता को बहाल करने की भी मांग की है। उन्होंने बताया कि इन रूट्स पर कनेक्टिविटी बढ़ाने से क्षेत्रीय विकास में मदद मिलेगी। श्री साय ने बताया कि जगदलपुर से रायपुर के बीच इंडिगो एयरलाइंस द्वारा संचालित उड़ान सेवा को कम यात्रियों के चलते बंद कर दिया गया था। इसे पुनः सही समय पर शुरू करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि, बस्तर में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस मार्ग पर हवाई कनेक्टिविटी की भारी मांग है। केंद्रीय मंत्री ने अन्य प्रस्तावों पर भी सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत एवं नई दिल्ली में पदस्थ छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सैन भी उपस्थित थीं।

# गुजराती स्कूल ने विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया

राजनांदगांव (दावा)। नगर की उत्कृष्ट शिक्षण संस्था गुजराती राष्ट्रीय उ.मा. विद्यालय ने अंतर विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।




संस्कारसिटी इंटरनेशनल ठाकुरटोला द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी में गुजराती राष्ट्रीय उ.मा. विद्यालय के बारहवीं कक्षा के छात्र हर्ष श्रीवास्तव व खेमेंद्र कंवर ने शिक्षक सागर सर एवं लाल सर के मार्गदर्शन में स्वयं बाधा से बचने वाला रोबोट मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। आगंतुकों एवं मुख्य अतिथि को उक्त मॉडल काफी पसंद भी आया। इस प्रदर्शनी में जिले के लगभग सभी स्कूलों ने हिस्सा लिया। दो दर्जन से भी अधिक मॉडल के बीच प्रथम रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, द्वितीय संस्कारसिटी स्कूल एवं तृतीय गुजराती राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल ने अपना स्थान सुनिश्चित कर स्कूल को गौरवान्वित किया।

उक्त सफलता प्राप्त करने पर संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव सीए रुपम (खुशी) सोनछात्रा, उपाध्यक्ष पवन पटेल, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल सहित शाला के प्राचार्य तारिक लालानी व समस्त शिक्षक, समितिगण ने छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की। उक्त जानकारी शाला प्रभारी श्रीमती अपर्णा श्रीवास्तव ने दी।

# भारतीय सिल्क एक्सपो में एक से बढ़कर एक आईटमों का रेंज, खरीदी के लिए उमड़ रही लोगों की भीड़

### स्टेट हाईस्कूल मैदान के एक्सपो में लजीज खाना व स्वस्थ मनोरंजन के साथ मनपसंद आइटमों की हो रही जमकर खरीदी

राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़ रोड स्थित स्टेट स्कूल मैदान में इन दिनों भारतीय सिल्क एक्सपो लोगों के बीच छाया हुआ है। एक्सपो परिसर में स्वादिष्ट एवं लज्जतदार खाना एवं मनोरंजक के साधनों का लुत्फ उठाते हुए लोग भारतीय सिल्क एक्सपो की एक से बढ़ एक रेंज वाली चीजों का जमकर खरीदी कर रहे हैं। इससे यहां देर शाम रात तक एक्सपो का जलवा बिखरा रहा। यहां मनोरंजन के साधनों सहित झूले का आंनद व स्वादिष्ट लज्जतदार व्यंजन के स्वाद के साथ अपने मन पसन्द की चीजों की ख़रीदी के लिए रोजाना लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

सिल्क एक्सपो के संचालक कृष्णा सिंह ने बताया कि उनकी सिल्क एक्सपो में विभिन्न राज्यों से एक से बढ़कर एक फेमस वस्तुएं आई हुई है। जो लोगों द्वारा काफी पसंद किए जा रहे हैं। रोजाना सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले सिल्क एक्सपो में राजस्थान , गुजरात एमपी , उड़ीसा कोलकाता, बिहार? यूपी आदि जगहों से लाई गई नई- नई व्हेराइटियों की पहनने-ओढ़ने व घर उपयोग की चीजें किफायती दाम में उपलब्ध कराया जा रहा है। खास कर महिलाओं के लिए बनारसी साड़ी , कश्मीरी सूट, भागलपुरी सिल्क, कोसा साड़ी,



लेदर बैग, पर्स व ब्यूटी कास्मेटिक आइटम उन्हें खूब लूभा रही है। इसी तरह वूडन आइटम, क्राकरी व घरोपयोगी प्लास्टिक के आइटम , कुर्ता ,टाप आदि चीजें बहुत पसंद किए जा रहे हैं। जिसकी खरीदारी भी अच्छी बनी हुई है। सिल्क एक्सपो में खास?कर शाम के समय लोगो की खासी भीड़ देखी जा रही है। लोगो द्वारा अपने मनपसंद की चीजों के अलावा झूले आदि सहित मनोरंजन के अन्य साधनों तथा स्वादिष्ट लज्जतदार खाने का लुत्फ उठाते हुए जमकर खरीदारी का भी आनंद लिया जा रहा है। आगामी 30 नवंबर तक चलने वाली भारतीय सिल्क एक्सपो का लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

# महापौर निधि व पार्षद निधि तथा कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान के लिये महापौर ने राशि आबंटित करने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर निगम की वर्तमान आर्थिक स्थिति के आधार पर कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं लंबित देयक के भुगतान हेतु 9 करोड 40 लाख रूपये आबंटित करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने महापौर निधि एवं पार्षद निधि आबंटित करने की भी मांग की है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली नही हो पा रही है, जिसके कारण निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं है। राशि के अभाव में निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 3 माह का वेतन भुगतान लंबित है, जिस कारण से कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है। दीपावली त्यौहार में भी कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है तथा पार्षदों का मानदेय 9 माह से अप्राप्त है। महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में उल्लेख किया है कि निगम की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखकर माह अगस्त से अक्टूबर 2024 तक नियमित अधिकारी कर्मचारी के लिये 5 करोड 18 लाख 12 हजार रूपये तथा प्लेसमेंट कर्मचारी के लिये 3 करोड 39 लाख 8 हजार रूपये एवं पार्षदगणों का मानदेय 82 लाख 80 हजार रूपये कुल 9 करोड



40 लाख रूपये अंतर की राशि अनटाईटड फेड से आबंटित करने मुख्यमंत्री जी को अनुरोध पत्र प्रेषित किया है।

इसके अलावा महापौर श्रीमती देशमुख ने महापौर निधि एवं पार्षद निधि आबंटित करने भी पत्र प्रेषित किया है, पत्र में उन्होने लिखा है कि महापौर एवं पार्षदों को अपने अपने वार्डो में विकास कार्य कराने प्रतिवर्ष महापौर एवं पार्षद निधि आबंटित किया जाता है, किन्तु इस वर्ष निधि प्राप्त नही हुई है, जिससे वार्डो में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा है कि आगामी निकाय चुनाव के पूर्व वार्डो के शेष कार्य पूर्ण कराना है, निधि के अभाव में छोटे छोटे कार्य नहीं हो पा रहे है, जिसे ध्यान में रखकर महापौर एवं पार्षद निधि आबंटित करने भी उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी को अनुरोध पत्र प्रेषित किया है।

**प्लॉट बेचना है**
**राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट**
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342

# दिल्ली के सांसद का कैट के लोगों ने किया भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। टीम कैट सीजी चैप्टर के व्यवसायियों द्वारा दिल्ली के सांसद जी का प्रादेशिक दीपावली मिलन कार्यक्रम में बिलासपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

बता दें कि आज 21 नवम्बर गुरुवार को बिलासपुर में आयोजित छतीसगढ़ व्यापार सम्मेलन एवं कैट का प्रादेशिक में दीपावली मिलन समारोह आयोजित है।

इस भव्य कार्यक्रम में दिल्ली के सांसद का विशेष रुप से आगमन हो रहा है। उनके आगमन पर विमानतल में उपस्थित हो कर संस्कारधानी निवासी राजेश डागा, अमित खंडेलवाल आदि सहित कार्यक्रम में शामिल युवा टीम के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया।

# छात्रावास में सुविधाओं का अभाव,, छात्रों ने सौपा ज्ञापन



**राजनांदगांव ( दावा )। शहर के महेश नगर स्थित छात्रावास में सुविधाओं के अभाव के चलते परेशान छात्रों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि छात्रावास मे पानी की समस्या से लेकर रहने बसने व गद्दे की भी समस्या बनी हुई है। उक्त समस्या से न केवल छात्र अपितु व्यवस्थापक भी परेशानी से दो चार हो रहें हैं। इससे यहां रहने वाले छात्रों सहित व्यवस्थापक की भी परेशानियां बढ़ी हुई है।**

# खेत में बचे पराली को पहुंचाएं गौशाला-जलाएं नहीं

**(गोविन्द गुप्ता)**

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में अब किसान दूसरी फसल की तैयारी के चलते खेतों में धान फसल कटाई के बाद पराली को जलाने का कार्य कर रहे हैं, शासन-प्रशासन की ढिलाई के चलते अन्य प्रांतों की तरह अब छत्तीसगढ़ के किसान भी पराली अन्य तरीके से नष्ट करने के बजाए जलाना काफी आसान समझ रहे हैं, डोंगरगांव-तुमड़ीबोड़ मार्ग में ग्राम बीजाभांठा के समीप एक किसान अपने खेत में धान कटाई के बाद आग लगा दिया है, जिससे पूरा क्षेत्र धुंआधुआ हो चला है, इसकी शिकायत पर्यावरण प्रेमियों ने स्थानीय अधिकारियों से की गई है।



अन्य प्रदेशों की तुलना में पराली जलाने का कार्य छत्तीसगढ़ में काफी कम है किन्तु हार्वेस्टर और अन्य मशीनों से धान कटाई का यह एक बड़ा दुष्परिणाम सामने आ रहा है, जिसमें धान का बचा ठूंठ काफी बड़ा होता है और बचा हुआ पराली खेत में ही गिराया जाता है जो कि न तो पालतू पशुओं के ही काम आता है और न ही इसे खेत से बाहर निकाला जाता है। धान कटाई के बाद किसान इन्हीं पराली को खेत में जलाकर नष्ट करने का प्रयास करते हैं जो कि पर्यावरण के नुकसान साथ ही स्वास्थ्यगत भी परेशानियों को पैदा कर रहा है, हॉलाकि छत्तीसगढ़ में अभी पराली जलाने का कार्य काफी कम मात्रा में ही होता है और इसे अभी रोका नहीं गया तो यह एक भयावह रूप ले लेगा।

छत्तीसगढ़ में धान उत्पादन काफी मात्रा में है, जिसके चलते पराली भी काफी मात्रा में निकलता है, अब तक धान कटाई का कार्य मजदूरों द्वारा हाथों से ही किया जाता था किन्तु अब इस कार्य में मशीनरी से किया जाने लगा है, जिसके चलते किसान पराली के निपटान में आग लगाना आसान कार्य समझते हैं। इस विषय को शासन-प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए, इस मामले में पर्यावरण प्रेमियों ने किसानों और समाजसेवियों से आग्रह किया है कि किसानों के खेतों में पराली को इकट्ठा कर समीपस्थ गौठानों या गौशालाओं तक पहुंचाएँ ताकि आपके लिए बेकार पैरा गौवंशों का ग्रास बन सके। हॉलाकि इस कार्य में खर्च तो होगा लेकिन हम क्षेत्र में पर्यावरण को सुरक्षित रख सकेगें और गौवंशों का वर्ष भर भरपेट भोजन मिल सकेगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com